आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 134- ● जबलपुर ● मंगलवार, 15 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## गलवान झड़प के एक साल



## संसदीय समिति के सामने 18 जून को पेश होंगे ट्विटर अधिकारी

**नई दिल्ली।** संसद की सूचना और तकनीकी की स्थायी संसदीय समिति ने माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के अधिकारियों को 18 जून को पेश होने को कहा है। नए आईटी कानूनों को लेकर केंद्र के साथ चल रहे टकराव के बीच ट्विटर के अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया है। इसके अलावा संसदीय समिति ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारियों को भी अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया है।

## एमपी में आज नई गाइडलाइन




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एक जून से अनलाक की प्रक्रिया जारी है, इस दौरान सभी शहरों और जिलों में व्यावसायिक गतिविधियों को धीरे-धीरे शुरू किया गया है। संक्रमण दर कम होने के बाद सबसे आखिरी में 12 जून को इंदौर शहर को अनलाक किया गया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों घोषणा की थी कि 15 जून के बाद विवाह समारोह में 20 की जगह 40 लोग शामिल हो सकेंगे। शादी समारोह में शामिल होने वालों को अपना कोरोना टेस्ट करवाना होगा। अभी नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा, ताकि लोगों को यह ध्यान रहे कि खतरा अभी टला नहीं है। इसके पहले सीएम ने 31 मई को अनलाक की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कहा था कि 15 जून तक कोरोना कर्फ्यू रहेगा, ऐसे में आज इसको लेकर दिशा-निर्देश जारी हो सकते हैं।

# 50 फीसदी ऑफिस, शेष घर से करेंगे काम

### केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए नई गाइड लाइन जारी, बैठकें वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए होंगी

**नई दिल्ली।** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने सोमवार को अंडर सेक्रेटरी और उससे ऊपर के स्तर के सभी अधिकारियों को 16 जून से 30 जून तक सभी कार्य दिवसों पर कार्यालयों में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। दिव्यांग व्यक्ति और गर्भवती महिला कर्मचारी घर से काम करना जारी रखेंगे। अंडर सेक्रेटरी से नीचे के स्तर के 50 प्रतिशत सरकारी अधिकारी सभी कार्य दिवसों पर कार्यालय में उपस्थित होंगे और शेष घर से काम करेंगे। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में यह बात कही गई है। कोरोना के मामलों और पॉजिटिविटी रेट में रेट में भारी गिरावट आने के बाद कार्मिक मंत्रालय ने सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर यह दिशानिर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अंडर सेक्रेटरी और उससे ऊपर के स्तर के सभी सरकारी कर्मचारी सभी कार्य दिवसों पर कार्यालय में उपस्थित रहें। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कोरोना संबंधी नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। आदेश में कहा गया है कि बार-बार हाथ धोना/सेनिटाइजेशन, मास्क पहनना, हर समय शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। इस संबंध में जरा भी ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा। कार्यालयों में भीड़भाड़ से बचने के लिए अधिकारी/कर्मचारी अलग-अलग समय यहां आएंगे - सुबह 9 से शाम 5.30 बजे तक, सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक, और सुबह 10 से शाम 6.30 बजे तक। बैठक, जहां तक संभव हो वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित होगी। ये निर्देश 16 जून से 30 जून तक लागू रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस फिलहाल नहीं लगेगा और अगले आदेश तक रजिस्टर का इस्तेमाल होगा।



### दिव्यांग, तथा महिलाओं को छूट

आदेश में यह भी कहा गया है कि दिव्यांग व्यक्तियों और गर्भवती महिला कर्मचारियों को कार्यालय में आने से छूट जारी रहेगी, लेकिन उन्हें अगले आदेश तक घर से काम करना होगा। कंटेनमेंट जोन में रहने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को तब तक कार्यालयों में आने से छूट दी जाएगी जब तक कि वो इलाका कंटेनमेंट जोन से बाहर नहीं नहीं आ जाता। वे अधिकारी/कर्मचारी जो कार्यालय नहीं आ रहे हैं वे घर से काम करेंगे और वे हर समय संपर्क के लिए टेलीफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर उपलब्ध रहेंगे

## फटाफट खबरें



### दुकानदार पर दागीं पांच गोलियां, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले में दिनदहाड़े गोली चलाने का मामला सामने आया है। कोटा के गुमानपुरा इलाके में छह हथियारबंद युवकों ने एक दुकानदार पर दिनदहाड़े गोली चलाई। इस खौफनाक घटना का मंजर सीसीटीवी में कैद हो गया है, जो खूब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे बाइकों पर सवार होकर छह लड़के दिनदहाड़े पिस्तौल की मदद से फायरिंग कर रहे हैं और बाद में आराम से बैठकर निकल जाते हैं। बता दें कि एक बाइक पर तीन युवक सवार थे। इन लड़कों ने फल और सब्जी बाजार के एक दुकानदार को निशाना बनाकर फायरिंग की, हालांकि दुकानदार को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई।।

### शिवराज कल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने जाएंगे दिल्ली

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली जाएंगे। सीएम शिवराज प्रधानमंत्री को मध्य प्रदेश में कोरोना महामारी को रोकने के लिए अब तक किए गए उपायों की जानकारी देंगे। इसी के साथ तीसली लहर से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों को लेकर भी चर्चा होगी। इसी के साथ मध्य प्रदेश में टीकाकरण को लेकर भी सीएम प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करेंगे।।

### कांग्रेस का मकसद हिंदुओं की आस्था के साथ छेड़छाड़- नरोत्तम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि हिंदुओं की आस्था के केंद्रों पर राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह ही नहीं, पूरी कांग्रेस विवाद खड़े करती रही है। दिग्विजय सिंह आज राममंदिर पर सवाल कर रहे हैं। पहले उन्होंने कश्मीर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। कांग्रेस का मूल मकसद सिर्फ हिंदुओं की धार्मिक आस्था के साथ छेड़छाड़ करना है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण का ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है। पिछले 24 घंटे में 528 मरीज स्वस्थ हुए हैं। नए केस 224 हैं, संक्रमण दर अब 0.31प्रश जबकि रिकवरी दर 98.प्रश है।




शुभांक - 5-3-0

**ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में फिर बढ़ रहा संक्रमण**

# भारत में कम हुआ डेल्टा वेरिएंट का खतरा, लेकिन विदेश में बढ़ा

### दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार इस वेरियंट से फिर बढ़ रही दुनिया में चिंता

**नई दिल्ली।**

भारत में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के लिए कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट को जिम्मेदार माना जा रहा है। भारत में डेल्टा वेरिएंट का असर भले ही फिलहाल थम गया हो लेकिन ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में अब डेल्टा वेरिएंट में मामले लगातार बढ़ रहे है। ब्रिटेन सहित कई देशों में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने के बाद लॉकडाउन की सख्तियां बढ़ा दी गई है। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने 19 जुलाई तक लॉकडाउन बढ़ा दिया है।



इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार 38,13,75,984 सैंपलों की कोरोना जांच की जा चुकी है। सोमवार को 17,51,358 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। देश में महामारी की दूसरी लहर के कारण अभी भी कई शहरों में नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन समेत कड़ी पाबंदियां लागू की गई हैं। देश के 12 राज्यों हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल, गोवा, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में अब भी लॉकडाउन की सख्तियां जारी है।

### बीते 24 घंटे में कम हुआ कोरोना




देश में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर लगातार धीमी पड़ती जा रही है। बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 60471 मामले सामने आए हैं। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो बीते 75 दिनों में इतने कम कोरोना संक्रमण के एक दिन में निकले हैं। हालांकि बीते 24 घंटे के दौरान 2726 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत भी हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में 60,471 नए मामले आए हैं और 2,726 लोगों की मौत हुई है। ताजा मामलों के बाद अब तक देश में कुल 2,95,70,881 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। वहीं मरने वालों का आंकड़ा 3,77,031 हो गया है। पिछले 24 घंटों में 1,17,525 लोगों को कोरोना से ठीक होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। देश में फिलहाल 9,13,378 सक्रिय मामले हैं।

### सात जून तक 6 केस आए सामने

ब्रिटेन की स्वास्थ्य संस्था पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक डेल्टा वैरिएंट के 63 जीनोम नए च417ह म्यूटेशन के साथ सामने आए हैं। पीएचई को डेल्टा वैरिएंट में बदलावों की रुटीन जांच के दौरान डेल्टा प्लस का पता चला। कोविड वैरिएंट्स पर आई इस हालिया रिपोर्ट के मुताबित, भारत में सात जून तक कोरोना वायरस के डेल्टा प्लस वैरिएंट के 6 केस सामने आ चुके थे।

### भारत में कम है वैरिएंट की फ्रीक्वेंसी

दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटिग्रेटिव बायोलॉजी के डॉ. विनोद स्केरिया ने बताया है कि च417ह म्यूटेशन को लेकर अहम चिंता यह है कि इसके एंटीबॉडीज कॉकटेल के खिलाफ रेजिस्टेंट होने के सबूत मिले हैं। हालांकि, उनका यह भी कहना है कि भारत में 417 म्यूटेशन की फ्रीक्वेंसी बहुत ज्यादा नहीं है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि कोरोना मरीजों को दी जा रही मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज कॉकटेल का भी असर इस वैरिएंट पर नहीं होगा।

### दिल्ली में आज से लगेगी रूसी वैक्सीन स्पूतनिक, 1145 कीमत

देश में कोरोना महामारी से लड़ने के लिए वैक्सीनेशन अभियान में लगातार तेजी लाई जा रही है। फिलहाल देशभर में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके ज्यादा लगाए जा रहे हैं, लेकिन अब रूस सेआयात की गई स्पूतनिक-वी वैक्सीन भी लगना शुरू हो चुकी है। रूस की वैक्सीन स्पूतनिक दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में आज में लगना शुरू हो सकती है। दिल्ली में स्पूतनिक वैक्सीन कितने लोगों को लगाई जाएगी, अभी इसके बारे में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वैक्सीन की कीमत 1,145 रुपए रखी गई है, जिसमें केंद्र के प्राइसिंग शेड्यूल के अनुसार, हॉस्पिटल चार्ज और टैक्स भी शामिल किए जा चुके हैं। अपोलो हॉस्पिटल्स और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा Sputnik V रोल-आउट का पहला चरण 17 मई को हैदराबाद में और 18 मई को विशाखापत्तनम में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में मधुकर रेनबो चिल्ड्रन अस्पताप में भी इसी सप्ताबह के अंत तक वैक्सीन लोगों को लगना शुरू कर दिया जाएगा।

### केबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

## मध्यप्रदेश में धान उद्योग और इथेनाल प्लांट बढ़ाने को लेकर आएगी नई पालिसी



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में धान उद्योगों के लिए नई पालिसी आएगी। गुरुवार से सीएम शिवराज सिंह चौहान सभी मंत्रियों के साथ वन टू वन चर्चा करेंगे। सभी मंत्रियों को पूर्व में ही इसका सूचना होगी। सीएम ने कहा कि सोमवार को मंत्री समूहों की जो समितियां बनाई गई हैं, वो सभी समूह दो-तीन दिन में अपनी बैठकें कर ले और अपनी सिफारिशें और रिपोर्ट अनुशंसा सहित जमा कर दें। जमा करने से पहले सभी समूहों की बैठक हो जाना चाहिए। कैबिनेट की बैठक में विद्युत नियामक आयोग द्वारा विद्युत दरों में जो सबसिडी दी जाती है, उसे भी मंजूरी दी गई। ये वो सबसिडी है जो 5 हार्सपावर के पंप पर किसान को 51 हजार रुपये देना चाहिए और सरकार इस पर सबसिडी देती है और किसान को केवल 3,500 रुपये जमा करने होते हैं और बाकी राशि सरकार जमा करती है। इसी तरह से 10 हार्सपावर के पंप पर एक लाख रुपए के लगभग सरकार जमा करती है। मध्य प्रदेश में 98 लाख परिवार ऐसे हैं, जिनसे 100 रुपये महीना बिजली का बिल लिया जाता है। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मध्य प्रदेश में किसानों से उपार्जित धान की मिलिंग के संबंध में भी निर्णय लिया गया, जो 50 से 200 रुपये क्विंटल तक के तीन स्लैब। सीएम ने धान के उद्योग लगाने के लिए और इथेनाल प्लांट बढ़ाने के लिए भी पालिसी बनाने का निर्देश दिया।

## 12 मिनट में लूटा नौ करोड़ का सोना



**चुरू।** मराजस्थान के चूरू में नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में नौ करोड़ की लूट को अंजाम दिया। दरअसल, बदमाश लोन लेने के बहाने मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड के कार्यालय में घुसे और महज 12 मिनट में 17 किलो सोना व 8.92 लाख रुपये लूट लिए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई और महज 3 घंटे में दो आरोपियों को पकड़ लिया। चूरू में रिलायंस मॉल के पास मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड गोल्ड लोन की ब्रांच है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे चार युवक वहां पहुंचे। एक युवक ने अपनी अंगूठी दिखाते हुए लोन लेने की बात कही। उस दौरान ब्रांच में मैनेजर समेत कुल चार लोग मौजूद थे, जो लंच कर रहे थे। बदमाशों ने नकाब पहने हुए थे। उन्होंने हथियार दिखाकर शटर अंदर से बंद कर लिया। साथ ही, मोबाइल छीनने के बाद पूरे स्टाफ को बाथरूम में बंद कर दिया। बदमाशों ने अपनी बाइक चूरू में ही छोड़ दी थीं और वे आई-20 कार से भागे थे। सुरेवाला चौक पर पुलिस ने कार को घेर लिया तो बदमाश कार छोड़कर भागने लगे। ऐसे में पुलिस ने दो बदमाशों को लूट के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## दो मछुआरों की हत्या मामले में इटली के नाविकों पर केस खत्म



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फरवरी 2012 में केरल तट पर दो मछुआरों की हत्या के आरोपी दो इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ भारत में आपराधिक कार्यवाही बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एमआर शाह की अवकाशकालीन पीठ ने दोनों इतालवी नौसैनिकों के खिलाफ मामले से जुड़ी प्राथमिकी और कार्यवाही को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि भारत द्वारा स्वीकार किए गए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ निर्णय के अनुसार, इटली गणराज्य मामले में आगे की जांच फिर से शुरू करेगा। शीर्ष अदालत ने इटली गणराज्य द्वारा भुगतान किए गए 10 करोड़ रुपये के मुआवजे को उचित और पर्याप्त करार दिया। पीड़ितों के हितों की रक्षा के लिए मुआवजे का पैसा केरल हाई कोर्ट में जमा किया जाए।

## देवांगना-नताशा और जामिया छात्र आसिफ को मिली जमानत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** साल 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में गिरफ्तार पिंजरा तोड़ कार्यकर्ता देवांगना कलीता, नताशा नरवाल और जामिया के छात्र आसिफ इकबाल को दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगा मामले के तीनों आरोपियों को अपने-अपने पासपोर्ट जमा करने, गवाहों को प्रभावित न करने और सबूतों के साथ छेड़खानी न करने का निर्देश दिया है। अदालत ने जामिया के छात्र आसिफ इकबाल तन्हा को भी उत्तर-पूर्व दिल्ली में हुए दंगों के मामले में जमानत दी।

## आज से मिलेगा सिर्फ 14, 18 और 22 कैरेट वाला सोना



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आज से देश में गोल्ड हॉलमार्किंग अनिवार्य हो गई है। अनिवार्य हॉलमार्किंग से आम लोगों को फायदा होगा। यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता धोखा न खाएं और और उन्हें आभूषणों पर अंकित शुद्धता के अनुसार ही आभूषणों की प्राप्ति हो। गोल्ड हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता का एक सर्टिफिकेट है। आज से सभी ज्वेलर्स को सिर्फ 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट वाले गोल्ड की बिक्री की ही इजाजत है। बीआईएस अप्रैल 2000 से गोल्ड हॉलमार्किंग की स्कीम चला रही है।

### इंडिगो की फ्लाइट का टायर फटा, बड़ा हादसा टला




**हुबली।** कर्नाटक के हुबली जिले में सोमवार शाम बड़ा हादसा टल गया। दरअसल, यहां लैंडिंग के दौरान इंडिगो की फ्लाइट का टायर फट गया। हालांकि, इस हादसे में किसी भी तरह जान-माल का नुकसान होने की खबर नहीं है। इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-7979 केरल के कन्नूर से कर्नाटक के हुबली आई थी। लैंडिंग के दौरान विमान का टायर अचानक फट गया।

### एनजीटी के आदेश व कोविड के नियमों के पालन की शर्त पर पर्यटकों को अनुमति

# आखिरकार डेढ़ साल बाद 13 हजार फीट ऊंचे रोहतांग दर्रे में लौटी रौनक

**मिनाली।** आखिरकार डेढ़ साल बाद छाई वीरानगी दूर हो गई और 13050 फीट ऊंचा अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल रोहतांग सैलानियों से चहक उठा। एनजीटी के आदेशों सहित कोविड के नियमों के पालन की शर्त पर पर्यटकों को रोहतांग जाने की अनुमति मिल गई। हालांकि पहले दिन गाड़ियों का आंकड़ा कम रहा। लेकिन रोहतांग दर्रा देर सवेर पर्यटकों की रौनक से चहक उठा। मनाली प्रशासन अभी मैनुअली ही परमिट जारी कर रहा है तथा व्यवस्था बनाने तक स्थानीय पर्यटन वाहनों को ही रोहतांग जाने की अनुमति दे रहा है। लेकिन स्थिति सामान्य हो जाने पर पर्यटक ऑनलाइन परमिट प्राप्त कर रोहतांग जा सकेंगे।प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों को कोविड रिपोर्ट पर छूट देने के बाद से मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। प्रदेश भर से भी सौ से अधिक वाहन पहुंच रहे हैं, जबकि अन?य राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी पांच सौ के पार होने लगा है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटल कारोबारियों सहित टैक्सी आपरेटरों व पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी को राहत मिलने लगी है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप ठाकुर ने कहा पिछले दिनों से पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा 20 जून के बाद पर्यटकों का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष पूर्ण चंद पोहलु ने स्थानीय पर्यटक वाहनों को प्राथमिकता देने पर मंत्री गोविंद ठाकुर व प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा मनाली आ रहे हर एक पर्यटक को उचित किराये के साथ बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाएगा। एसडीएम मनाली रमन घर संगी ने सभी पर्यटकों से कोरोना के नियमों का पालन करने का आग्रह किया। शीत मरुस्थल लाहुल घाटी में अब जल्द ही पर्यटक सुहाने सफर का आनंद उठा सकेंगे। एचआरटीसी ने केलंग मनाली के बीच लग्जरी बस सेवा शुरू की है। एचआरटीसी ने इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल किया जो सफल रहा है। एचआरटीसी के एमडी संदीप कुमार ने इलेक्ट्रिक बस को केलंग से हरी झंडी देकर रवाना किया। रोहतांग दर्रे के साथ-साथ लाहुल घाटी भी पर्यटकों से चहक उठेगी। केलंग डिपो के आरएम मंगल चन्द मनेपा ने बताया कि बस का ट्रायल सफल रहा है जल्द ही इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी।



# अनलॉक में ट्रैफिक अनकंट्रोल

**जबलपुर,यशभारत। कोरोना संक्रमण के मार झेलने के बाद जहां शहर के बाजार पूरी तरह से गुलजार हो गए हैं। दुकानों में ग्राहकी भी उमड़ने लगी है जिससे व्यापारियों के चेहरे खुश नजर आ रहे हैं। खरीदारी के लिए शहर के मुख्य बाजारों में खासी भीड़ रही। जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।**



ट्रैफिक पुलिस की सख्ती के बाद भी अनेक जगह जाम लगने लगा है। शादियों का सीजन चल रहा है। खरीदारी के लिए लोग चार पहिया व दो पहिया वाहनों से सीधे मार्केट पहुंच रहे हैं। जिससे सड़कों पर पल-पल जाम की स्थिति बन रही है। खास तौर से बड़ा फुहारा, मुकादमगंज, निवाड़गंज,लार्डगंज,दमोहनाका,सराफा से रानीताल हनुमान मंदिर, मदन महल से मेडिकल मसर्ग आदि क्षेत्रों शाम को जाम लगता ही लगता है। ट्रैफिक पुलिस मोर्चा संभाल कर जाम खुलने में लगी रहती है। आवागमन बहाल कराने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं।

### सावधानी रखना अब स्वयं के हाथ

बाजार में उमड रहीभीड़ को देखकर साफ है कि संक्रमण से सुरक्षा करना आम लोगों की स्वयं की जिम्मेदारी है। जरा सी भी लापरवाही बड़े संकट में डाल सकती है। क्योंकि कई लोग ऐसे भी थे जो बिना मास्क लगाए ही बाजार में घूमते दिखे। तो कई ऐसे भी थे जो मास्क सही ढंग से लगाने की जगह लटकाए हुए थे। सभी जगह यह खामी भी सामने आई कि दुकानदारों ने अपने यहां टेंपरेचर मापने जैसी कोई व्यवस्था नहीं कर रखी है। सैनिटाइजर भी उसी ग्राहक को दिया जा रहा है जो स्वयं मांग रहा है। जबकि होना यह चाहिए कि हर दुकान के प्रवेश पॉइंट पर ही प्रत्येक ग्राहक को सैनिटाइज करने की व्यवस्था हो।

### जाम लगने के 3 बड़े कारण

बंद के बाद एकाएक भीड़ बढ़ना

शादियों का सीजन चल रहा है। खरीदारी नहीं कर पाए। इसके बाद संडे को बाजार बंद रहा। सोमवार को बाजार खुला तो खरीदारी के लिए लोग निकल पड़े। जिससे सड़कें जाम हो गईं। शहर की मुख्य सड़क दमोहनाका से मदन महल तक पर फ्लाईओवर निर्माण का काम चल रहा है। जिससे दोनों और की सड़कें सकरी हो गई हैं । जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। जिससे लोग परेशान हैं।

### दुकानों के सामने वाहन पार्किंग होना

मुख्य बाजारों में दुकानों के सामने ही वाहनों की पार्किंग की जा रही है। यह दृश्य मार्केट में सभी जगह देखा जा रहा है। जिससे आधी सड़क वाहनों से दब जाती है।

फोटो-अशोक बर्मन

## मेडिकल नर्सों का आज अनूठा प्रदर्शन



# सदबुद्धि यज्ञ, पतंग में मांगे लिख कर हवा में छोड़ा

**जबलपुर, यशभारत। . मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कालेज में दस सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमिक अनशन कर रही नर्सों ने आज से एक शिफ्ट में काम नहीं करने का निर्णय लिया ।**

नर्स एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि अब वह आज सुबह 7 से दोपहर मतलब एक शिफ्ट में काम नहीं कर रहीं। इसके साथ ही मप्र सरकार को जगाने और अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए नर्सेस ने आज अनूठा प्रदर्शन भी किया और सुबह धरना स्थल पर सरकार को सदबुद्धि देने के लिए जहां यज्ञ पर हवन में आहूतियां अर्पित की वहीं पतंग में अपनी मांगों को लिखकर उड़ा और हवा में छोड़ दिया ताकि भगवान सरकार को सदबुद्धि दे और वह नर्सों की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करें। इस दौरान उन्होंने कोविड वार्डों, आईसीयू और लेबर वार्ड को छोड़कर सभी वार्डों में अपने को एक शिफ्ट के लिए काम से विरत रखा। जबलपुर एसोसिएशन की अध्यक्ष हर्षा सोलंकी के मुताबिक 14 जून सोमवार से नर्सिंग स्टाफ ने धरना शुरू कर दिया था अब 15 जून से धरने के दौरान सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक कामकाज भी बंद रखा है। प्रदर्शन में कौशल्या सिंह, अंजू चैटर्जी, रोजमेरी जॉन, शारदा खिलवानी, शीला सेडरिक सहित कई अन्य शामिल हैं। नर्सों की इस हड़ताल के कारण आज मेडिकल में मरीजों को सामान्य वार्डों में खासी दिक्कतें आईं।

### नर्सों की ये है मांग

अन्य राज्यों की तरह नर्सिंग स्टाफ को उच्च स्तरीय वेतनमान दिया जाए। 2004 के बाद नियुक्त नर्सों को पुरानी पेंशन दी जाए कोविड ड्यूटी में जान गंवाने वाली नर्सों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। प्रदेश में कार्यरत समस्त नर्सों को दो वेतन वृद्धि दी जाए। आदर्श भर्ती नियमों ने संशोधन कर प्रतिनियुक्ति समाप्त कर स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की जाए। कार्यरत नर्सों को उच्च शिक्षा हेतु आयु बंधन हटाकर मेल नर्स की तरह समान अवसर दिया जाए। कोरोना संक्रमण काल में अस्थाई रूप से भर्ती की गई नर्सेस को नियमित किया जाए। एक ही विभाग में समान कार्य के लिए नर्सों को एक समान वेतनमान दिया जाए। पदोन्नति का लाभ देते हुए नर्सों का पदनाम परिवर्तित किया जाए। मेल नर्स की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए।

### इन्होने भी की वेतन की मांग

दूसरी ओर वेतन की मांग को लेकर आज आशा, उषा कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने सीएमएचओ आफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया, उन्होने चेतावनी दी है कि नियमित करने में सरकार ने कोई उचित कदम नहीं उठाया तो वे भी काम बंद कर देगी, पांच सौ से अधिक महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए थे. ओमती सीएसपी अशोक तिवारी ने आशा व उषा कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि उनकी बात को अधिकारिक स्तर पर पहुंचाया जाएगा, इसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया.



# कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता अभियान

**जबलपुर।** आज कोरोना से कैसे बचे ओर बेक्सींन सभी लोग लगवाएँ यह अभियान त्व2ड्डद्धद्दद्धड्डह्ल बार्ड के कंचनपुर बस्ती ओर पुरानी बस्ती में चलाया गया राजीवगांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक विवेक अवस्थी ने बताया की यह अभियान रोज़ चलाया जा रहा है इसका उद्देश करोना की तीसरी लहर रोकना है लोगों को घर घर जाकर पर्चा बाटा गया जानकारी दी ओर इस अवसर पर कांग्रेस के बरूनशर्मा नितेश अवस्थी विनोद दीवान हरिशंकर मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता साथ थे।

# अब फिर जबलपुर में मानसून के सक्रिय होने का अनुमान

## बना लो प्रेशर, तूफानी हवाओं के साथ बारिश के आसार

**जबलपुर,यशभारत। अरब सागर से नमी लाने वाली हवाएं अभी भी कमजोर हैं, इसलिए जबलपुर में मानसून सक्रिय नहीं हो पार रहा था लेकिन अब इस वक्त झारखंड और उत्तरी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से अब फिर जबलपुर में मानसून के सक्रिय होने का अनुमान है।**



पिछले दो दिनों से बारिश नहीं हुई लेकिन अब आज से 18जून के बीच गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफतार से तेज हवाएं चल सकती हैं ,साथ ही बिजली भी कड़केगी। वैसे दिनभर बादलों के साथ धूप रहने से उमस सता रही है। जिसे अब जल्द ही छुटकारा मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग का कहना है कि आज से हल्की बारिश की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि मानसून को शहर में के लौटने में 48 घंटे लगेंगे। इसमें देरी की दो वजह बताई जा रही है।पहली बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र निरंतर आगे बढ़ने की जगह स्थिर हो गया है। दूसरा अरब सागर से बना एक सिस्टम प्रभावी नहीं दिखाई दे रहा था।दोनों के प्रभाव से शहर में बारिश होती है। पर अब कमदबाव को क्षेत्र बनने से झमाझम के आसार बन रहे हैं।

### शहर में बारिश नहीं होने से बढ़ रही उमस

बारिश नहीं होने से उमस बढ़ने लगी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.4 और न्यूनतम 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। आर्द्रता सुबह 67 फीसदी रही। गरज के साथ बिजली चमकने, गिरने और 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना।

# 2 दिवसीय आयुष्मान शिविर का शुभारंभ



**जबलपुर।** अखिल भारतीय मानव अधिकार संगठन भारत मध्यप्रदेश जबलपुर इकाई द्वारा राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रदेश प्रभारी पं.संदेश महाराज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कि माढ़ोताल थाना प्रभारी रीना पांडे एवं महिला इकाई मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति ज्योति शर्मा ने यह कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिसमें कि से 55 आयुष्मान कार्ड बनाए गए जिसमें की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता शर्मा एवं संभागीय महामंत्री राजेश अम्बुले जी और जिलाध्यक्ष शुभांगी केवट जी,युवा इकाई जबलपुर जिला-अध्यक्ष शिवम सालवार के उपस्थिति में हुआ।



# चिपको डुमना आंदोलन, नुक्कड़ नाटक से किया जनता को जागरूक

**जबलपुर।** चिपको डुमना आंदोलन के तारतम्य में समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में वालेंटियर्स एवं संगठन ने मालवीय चौक और दमोह नाका चौक में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर डुमना में बनाये जा रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स/स्टेडियम के निर्माण से जंगल और जानवरों पर होने वाले दुष्परिणामो से जबलपुर की जनता को जकरुक किया गया। जनता ने नुक्कड़ नाटक को देखा और स्पोर्ट्स सिटी के नाम पर हो रहे अत्याचार को समझा कि आने वाली नस्लो पर कितना दुष्परिणाम होगा,नाटक में च्कुल्हाड़ी सिंहज्ज के अभिनय को लोगो के बहुत सराहा। आज दोपहर बाद 3.30 बजे छोटी लाईन फाटक और 5.30 बजे ग्वारीघाट में नुक्कड़नाटक किये जायेंगे। नाटक में - शिशिर नन्होरिया,लोकेश व्यास,भानु यादव,पंकज पटेल,रीजन अली,ब्रजेश पटेल,आयुष मिश्रा,विमरम सिंह,शिवम सैनी,विकास लोधी,अजय वर्मा एवं अन्य वोलेंटियर्स शामिल थे।

# जनेकृविवि में कोरोना से दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर ।** इस वैष्विक त्रासदी कोरोना संक्रमण ने अनेकों जिंदगियां छीन ली है। कोविड-19 की दूसरी लहर जो कि अप्रैल से जून तक रही है इसमें न केवल जवाहरलाल नेहरू कृषि विष्वविद्यालय के स्वजनों को खोया है, बल्कि देष व प्रदेष के समस्त शहर एवं गांवों में कई लोगों ने भी अपने परिवारजनों को खोया है। आज विष्वविद्यालय में उन सभी दिवंगतों की आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के मार्गदर्षन में किया गया। कुलपति डॉ. बिसेन ने कहा जिन्होंने ने इस आपदा में अपने स्वजनों को खोया है हम उनके दुख दर्द को बयां नहीं कर सकते हैं। प्रकृति के इस रोद्र प्रकोप में कई परिजन पूरी तरह तबाह हो गये हैं कई बच्चें अनाथ हुये और हमारी कई बहनें पतिविहीन हो गई। तदोपरान्त जिनकी मौत हुई उनकी आत्मा की शांति के लिये 2 मिनट का मौन धारण करके परमपिता परमेष्वर से प्रार्थना की और परिवारजनों को यह दुख सहन करने की शाक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कुलसचिव श्री आर.एस. सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री व्ही.एस. बाजपेयी, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. पी.के. मिश्रा, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी.पी. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. ए.के. भौमिक, उपलेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, आईपीआरओ डॉ. मुमताज अहमद खान, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित रहे।





# हिंगलाज सेना ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं जो अस्वस्थ हैं उनकी स्वास्थ्य की कामना की

**जबलपुर।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में कोरोना बीमारी से अपनी जान गवाई उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गईएवं जो यह बीमारी से लड़ रहे हैं जो इस बीमारी से स्वस्थ नहीं हुए हैं उनके लिए स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज जी के नेतृत्व में यह आयोजन मठ परिसर में रखा गया । इस अवसर पर आचार्य राजेंद्र शास्त्री मनोज सेन प्रकाश शर्मा मनोज खरे आशीष चौकस अखिल तिवारी बंदना खरे आदि मौजद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस

# समाज रक्त वीरों से प्रेरणा लेकर रक्तदान करने आगे आए

**जबलपुर। समाज को रक्त वीरों से प्रेरणा लेकर रक्तदान करने आगे आना चाहिए। यह उद्गार, मुख्य अतिथि विनय सक्सेना विधायक मध्य क्षेत्र द्वारा, विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सक्षम जबलपुर तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में व्यक्त किए गए।**



इस अवसर पर प्राणदा (रक्ताल्पता संबंधित प्रकोष्ठ) प्रांत प्रमुख डॉ. अंकित सेठ सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों एवं समाजसेवी बंधुओं द्वारा स्वयं रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। विषम परिस्थितियों में रक्त की अत्याधिक कमी को देखते हुए सक्षम महाकौशल प्रांत सचिव पीयूष जैन ने एक और रक्तदान शिविर आयोजित करने का आह्वान किया। सक्षम जबलपुर अध्यक्ष पवन जैन, उपाध्यक्ष अशोक पर्यानी, सचिव अरविंद गुप्ता, प्रांत कार्यालय प्रभारी संतोष जैन, आदि उपस्थित सदस्यों ने तत्काल ही इस हेतु संकल्प लिया। क्षेत्र संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर संजय मिश्रा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. दीपक साहू सचिव डॉ. बृजेश चौधरी डॉ. सुनील बहल डॉ.अरविंद जैन, डॉ राकेश पाठक,डॉ. चित्रा जैन डॉ. अमिता जैन, सुनील गर्ग, दीपक सिंघई, निर्मल सिंह परिहार आदि गणमान्य अतिथियों ने रक्त दाताओं का सम्मान किया।



## नायाब तहसीलदार ने रक्तदान करके पेश की मानवता की मिशाल

**जबलपुर ।** जिले के पाटन तहसील में पदस्थ नायाब तहसीलदार सुरभि जैन के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर में रक्तदान करके मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है । जो कई युवक व युवतियों के लिए प्रेरणा की मिशाल बनेगा । यूँ तो रक्त की आवश्यकता कभी न कभी हर व्यक्ति को महसूस होती है लेकिन लोग स्वयं आगे आने से डरते है व कुछ भ्रांतियों को मन में बिठाकर अपने आपको कमजोर व अयोग्य समझके रक्तदान नही करते है । ऐसे लोगो के लिए सुश्री सुरभि जैन के द्वारा किया गया यह रक्तदान प्रोत्साहन भी प्रदान करेगा । आपको विदित हो कि सुश्री सुरभि जैन के द्वारा निरंतर समाजसेवी संगठन , एन.जी.ओ व स्व-सहायता समूह के साथ समन्वय बनाकर निरंतर पीड़ित मानवता की सेवा करती आ रही हैं इसके साथ ही विभागीय कार्यो में भी ईमानदारी , कर्तव्यनिष्ठा ,पारदर्शिता व शासन के नियमो के पालन को लेकर जिले में अपनी अलग ही छवि बना रखी है ।

## विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान करवाकर किया सभी को जागरूक

**जबलपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा सच्ची सेवा होती है और सदा दीन-दुखियों के आंसुओं को पोछने का काम समाज के हर वर्ग को करना चाहिए, इसी उद्देश्य के साथ जबलपुर में रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली समस्त सामाजिक संस्थाओं के सहयोग वन्देमातरम चौक सिविक सेन्टर में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें

### वन्दे मातरम चौक सिविक सेन्टर में हुआ कार्यक्रम

समाज के हर वर्ग के आयु के लोगों ने आगे आकर रक्तदान किया और दूसरों को भी रक्तदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वन्दे मातरम चौक सिविक सेन्टर में सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा राहगीरों को रोक-रोक कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया और सभी से रक्तदान करने से होने वाले फायदे से भी अवगत कराया। जिसके बाद राहगीरों ने भी आगे आकर रक्तदान किया और दूसरों से भी यह काम करवाने का संकल्प लिया। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर व रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन थैलेसीमिया मुक्त मप्र समिति, मां रेवा रक्तदान व मानव सेवा संस्थान, दिशा वेलफेयर सोसायटी, अनुश्री वेलफेयर सोसायटी, हम हैं न फाउण्डेशन, जैन ब्लड ग्रुप, रक्तदान महादान कर्तव्य, मां नर्मदा रक्तदान ग्रुप, माथुर वैश्य संस्थान सहित अन्य संस्थाओं का सहयोग रहा। इस मौके पर 1 दर्जन से अधिक



रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से आगे आकर रक्तदान किया। रक्त संग्रहण का कार्य जिला अस्पताल विक्टोरिया के ब्लड बैंक की टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय घोष, सरबजीत सिंह नारंग, विकास शुक्ला, डॉ संजय असाटी, शैलेश जैन, आशीष विश्वकर्मा, राहुल तिवारी, नीलेश गुप्ता, अमित गुप्ता, इलूविन्दर सिंह, समीर तिवारी, योगेश चौकसे, रवि टहनगुरिया, निशा पटेल, आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 2021-22 मैं 80 किलोमीटर दोहरी व तिहरीकरण का पूर्ण

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों से रूबरू हुये। इस वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राहुल जयपुरियार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए एवं विषम परिस्थितियों में तथा अधोसंरचना दृष्टि में कुछ प्रमुख उपलब्धियों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, ऑपरेशन, ऑक्सीजन एक्सप्रेस एवं वैक्सीनेशन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों पर प्रकाश डाला. वहीं पिछले दिनों मुख्य संरक्षा आयुक्त ने चारों रेल खंडों का निरीक्षण कर 120 से 130 किमी प्रतिघंटे की स्पीड का सफलतापूर्वक ट्रायल भी किया है. पमरे ने वास्तव में कोविड-19 के चलते भी इस वर्ष 2021-22 में अपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर में काफी बढोत्तरी की हैं. जिसमें अब तक 80 किलोमीटर का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है. उपरोक्त कार्य में से सबेस बड़ी उपलब्धि यह रही कि पिछले दो दिन में 54 किलोमीटर का कमीशन प्राप्त कर रिकॉर्ड स्थापित किया. पमरे ने इस वर्ष 2021-22 में दोहरीकरण एवं तिहरीकरण कुल 319 किलोमीटर का कार्य करने की योजना बनाई है।






**वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंसिंग में महाप्रबंधक ने दी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां**

### यह कार्य तेजी से चल रह

- बीना से कटनी तिहरीकरण का कार्य कुल लम्बाई 278 किमी, लागत मूल्य रुपये 2878 करोड़, वर्ष मार्च 2024 तक पूर्ण करने की योजना है. इसके अंतर्गत सागर से नरयावली (19 किमी), मकरोनिया से लिधौराखुर्द (10 किमी) तक कुल 29 किमी मई 2021 तक और हरदुवा से रीठी (15 किमी), बीना मालखेड़ी से खुरई (18 किमी) तक कुल 33 किमी जून 2021में पूरा कर लिया गया है.- बीना से कोटा दोहरीकरण का कार्य की लम्बाई कुल 291 किलोमीटर की कुल लगता रुपये 1417 करोड़, मार्च 2022 तक पूरा करने की योजना है. इसमें आज तक 2021 तक 154 किमी का कार्य कमीशन हो गया है.- कटनी से सिंगरौली दोहरीकरण का कार्य की कुल लम्बाई 257 किमी एवं लागत रुपये 1763 करोड़, मार्च 2024 तक पूरा करने की योजना है. इसमें आज तक 48 किमी का कार्य कमीशन हो गया है. पिछले दो दिन में मुख्य संरक्षा आयुक्त द्वारा पमरे के चारों खण्डों पर 120 से 130 किमी प्रति घण्टे का किया सफल ट्रॉयल.- अशोक नगर ओर से (13.04 किमी) तक दोहरीकरण का कार्य पूरा करके दिनाँक 12 जून 2021 को 122 किमी प्रति घण्टे की स्पीड से उसका किया सफल ट्रायल. इस सेक्शन में 05 ब्रिज, 01 एलसी गेट, 03 रोड अंडर ब्रिज और 08 घुमावदार मोंड है.- बीना मालखेड़ी से खुरई (17.97 किमी) तक तिहरीकरण का कार्य पूरा करके 12 जून 2021 को 131किमी प्रति घण्टे की गति से उसका किया सफल ट्रॉयल. इस सेक्शन में 08 ब्रिज, 02 एलसी गेट एवं 16 घुमावदार मोंड है.- हरदुवा से रीठी (15.13 किमी) तक तिहरीकरण का कार्य पूरा करके दिनाँक 13 जून 2021 को 131किमी प्रति घण्टे की गति से उसका किया सफल ट्रॉयल. इस सेक्शन में 21 ब्रिज, 02 एलसी गेट, 03 रोड अंडर ब्रिज एवं 03 घुमावदार मोंड है.- न्यू कटनी जंक्शन से कटंगी खुर्द (07.80 किमी) तक दोहरीकरण का कार्य पूरा करके 13 जून 2021 को 121 किमी प्रति घण्टे की गति से उसका किया सफल ट्रॉयल. इस सेक्शन में 04 ब्रिज, 01 एलसी गेट, 02 रोड अंडर ब्रिज एवं 03 घुमावदार मोंड है.।

### 43.72 मेट्रिक टन माल ढुलाई

महाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2020-21 में 43.72 मीट्रिक टन उच्चतम माल ढुलाई की है. साथ ही साथ 2021 मई माह में गुड्स ट्रेन की औसत गति 58.58 किमी प्रति घण्टे की बढ़ोत्तरी की है. पिछले चार महीने (फरवरी से मई) से भारतीय रेल में उच्चतम गति के लिए पहला रेलवे जोन बन गया. पश्चिम मध्य रेल की पिछले लगातार चार महीनों से माल गाड़ियों की उच्चतम गति बनाये रखने के लिए तीनों मण्डलों पर शत-प्रतिशत विघुतिकरण किया गया है।

### 52 यात्री गाड़ियों का हो रहा संचालन

यात्रियों की सुविधा के लिए कोविड महामारी में लॉकडाउन के समय पश्चिम मध्य रेल से 52 यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है. इसके अलावा गाड़ियों में अतिरिक्त यातायात को क्लीयर के लिए 27 समर स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा से होकर गुजर रही है.

# महगवां परियट बन सकता है जिले का पहला शतप्रतिशत वेक्सिनेशन वाला गांव



**जबलपुर।** पनागर विकास खंड का ग्राम महगवां परियट शतप्रतिशत टीकाकरण वाला जिले का पहला गांव बनने जा रहा है। इस गांव के सभी व्यक्तियों को कोरोना के टीके लगाने आज मंगलवार को विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है। टीकाकरण को लेकर ग्रामवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। दोपहर साढ़े बारह बजे तक की स्थिति में गांव के करीब 90 फीसदी लोगों को टीके लगाये जा चुके थे। महगवां परियट के सौ प्रतिशत ग्रामीणों को कोरोना के टीके लगाने दो-तीन दिन पहले ही योजना तैयार कर ली गई थी। मतदाता सूची के आधार पर वेक्सीन लगाने के सभी पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया गया था। इस गांव के आने-जाने के सभी रास्तों सुबह 6 बजे से बेरिकेटिंग कर दी गई थी। ताकि गांव का कोई भी व्यक्ति बिना टीका लगाये बाहर न जा सके ।एसडीएम सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला भी सुबह से ही गांव पहुंच चुका था। एसडीएम जबलपुर नमः शिवाय अरजरिया के अनुसार महगवां परियट को सौ प्रतिशत वेक्सीनेट गांव बनाने के लिये ग्रामवासियों को कोरोना का टीका लगाने दो अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। पहली टीम के लिये गांव में ही एक स्थान पर कैम्प लगाकर ग्रामवासियों को कोरोना के टीके लगा रही है। जबकि दूसरी टीम ऐसे दिव्यां और बुजुर्ग लोगों को टीके लगाने घर-घर जा रही है जो चलने- फिरने में असमर्थ हैं। एसडीएम जबलपुर श्री अरजरिया ने बताया कि गाँव के शतप्रतिशत लोगों को वेक्सीन लगाने के इस कार्य में ग्रामवासियों का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है। ग्राम वासियों में कोरोना के टीके लगाने काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। टीका लगवाने लोग खुद टीकाकरण केंद्र आ रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि गांव की 102 वर्ष की महिला कज्जो बाई कोल सहित कई बुजुर्गों को भी कोरोना के टीके आज लगाये गये। बुजुर्ग कज्जो बाई कोल ने टीका लगवाने खुद रुचि दिखाई थी। तहसीलदार पनागर नीता कोरी के अनुसार गांव के शत प्रतिशत लोगों को टीके लगाने टीकाकरण दल शाम तक मेहगवां परियट में रुकेगा। ताकि जो लोग कामकाज के सिलसिले में बाहर गये हैं उन्हें वापस आने पर टीके लगाये जा सकें।

# मरीज को छोड़ा मगर लिखवाया शिकायत गलत है

**अनंत हास्पिटल पर ओ एफ के प्रबंधन के पत्र का भी डर नहीं**




**ओ एफ के प्रबंधन ने अस्पताल से हुए अनुबंध को दिलाया याद**

**जबलपुर यशभारत।**16लाख रुपए जमा करो और मरीज ले जाओ समाचार प्रकाशित होने के साथ ही खमरिया प्रबंधन ने गंभीर रुख अपनाते हुए अस्पताल को लिखे पत्र के बाद अनंत अस्पताल ने मरीज को रिहा कर दिया लेकिन एन मौके पर जब मरीज को ले जाने के लिए एम्बुलेंस मे रख दिया तब अनंत अस्पताल के प्रबंधन ने मरीज के भाई से यह लिखवा लिया कि यूनियन को की गई शिकायत गलत है।मरता क्या न करता कि तर्ज पर मरीज के भाई ने जब हस्ताक्षर किए तभी एम्बुलेंस को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए जाने दिया। उल्लेखनीय है कि खमरिया के अरुण तिवारी को25अप्रैल को अस्पताल में कोरोना संक्रमण के चलते भर्ती किया गया था।सी टी स्केन के बाद डाक्टरों ने आश्वस्त किया था कि जल्द ही मरीज स्वस्थ हो जाएगा।लेकिन50दिन में हालात बिग?ने पर परिजनों से16लाख रुपये की मांग करते हुए उसे हायर सेंटर में ले जाने कह दिया।इस पर मरीज के भाई ने लेबर यूनियन के साथ खमरिया प्रबंधन को जानकारी दी।लेबर यूनियन ने जहां संबंधित अधिकारियों को शिकायत भेजी।वहीं शिकायत मिलने पर खमरिया प्रबंधन ने तत्काल अनंत अस्पताल को पत्र लिखते हुए मरीज को छोड़ने का निर्देश दिया।प्रबंधन ने अस्पताल को स्मरण कराया कि उन्होंने खमरिया प्रबंधन ने केसलेश चिकित्सा का अनुबंध किया है जो समाप्त किया जासकता है।इसके साथ ही खमरिया प्रबंधन ने जिला प्रशासन को भी इससे अवगत कराया।परिणाम यह कि मरीज को अस्पताल से छो? दिया गया।लेकिन उसके भाई से लिखवा लिया है।मरीज के भाई ने पूरे घटनाक्रम से यूनियन और प्रबंधन को अवगत करा दिया है।





# सुरक्षा कर्मचारियों का काले बैज के साथ प्रदर्शन

**जबलपुर यशभारत।**रक्षा मंत्रालय द्वारा ओ एफ बी के निगमीकरण के खिलाफ तीनो महासंघो ए आई डी ई एफ भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ और आई एन डी डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू द्वारा घोषित बेमुद्दत ह?ताल को टालने के लिए मध्यस्थता कर रहे केंद्रीय श्रमायुक्त नई दिल्ली द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद भी अभिमत देने मे विलंब से आक्रोशित सुरक्षा कर्मचारियों ने आज अपने संस्थानों के समक्ष काला बैज लगाकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। उल्लेखनीय है कि उक्त संबंध में विगत11जून को सरकार और कर्मचारियों के पक्ष को चर्चा के बाद अपना फैसला सुनाने के लिए

**केंद्रीय श्रमायुक्त के फैसले में विलंब से उपजा आक्रोश**

बुलाया था।लेकिन ए आई डी ई एफ के एस एन पाठक सी श्री कुमार के साथ अशोक सिंहश्री निवासन साधु सिंह मुकेश सिंह ने मजबूती से अपना पक्ष रखा।जिस पर सी एल सी ने अपना फैसला15जून तक के लिए टाल दिया।तीनों फेडरेशन के संयुक्त आव्हान पर आयुध निर्माणियों को निगमीकरण करने के विरोध में एवं सी एल सी (सी) के उदासीन रवैये के खिलाफ आज समस्त आयुध निर्माणियों में काला दिवस मनाया जा रहा है ।साथ ही इस विरोध स्वरूप आंदोलन के माध्यम से भारत सरकार को चेतावनी भी दी जा रही है की अगर निगमीकरण की प्रक्रिया को रोका नहीं गया तो हमे फिर ह?ताल में जाने के लिए बाध्य होना प?गा। वाहन निर्माणी में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा काली पट्टी बांधकर ये सन्देश केंद्र सरकार को पहुँचाया गया है। इसके साथ ही जी सी एफ मजदूर संघ हथो?ा के मिठाई लाल रजक रोहित यादव आशीष विश्वकर्मा राजा पांडेजी आई एफ मे श्री राम मीणा राकेश दुबे मनोज साहू शशि भूषण पांडे भूपेन्द्र दाहिया खमरिया मे अर्नव दासगुप्ता आनंद शर्मा अमित चौबे ह्रदेश यादव रूपेश पाठक राजेंद्र चराडिया आदि ने कहा कि सुरक्षा मजदूर आरपार की ल?ाई के लिए तैयार है।

# जबलपुर में बहन से शादी की जिद
# देवर का लड़का करना चाहता था शादी, परेशान किशोरी ने किया सुसाइड

**जबलपुर, यशभारत।** रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक भाई ही अपनी बहन से शादी करने के जिद कर बैठा। अंततः बहन ने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या करनी पड़ी। पूरा मामला पनागर के पठार उमरिया का है। पिछले दिनों 15 साल की किशोरी ने 22 मई को फांसी लगाकर खुद की जान ले ली। मामले की जांच में जुटी पनागर पुलिस के उस वक्त होश उड़ गए जब किशोरी की आत्महत्या के पीछे उसके दूर का रिश्ते का भाई निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पनागर थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी ने बताया कि पनागर के पठरा उमरिया निवासी 15 वर्षीय बीते 22 मई को तनाव में आकर मां की साड़ी का फंदा लगाकर झूल गई थी। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रिटायर कृषि अधिकारी के खाते से रुपए निकालने वाला गिरफ्तार



**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के मीरगंज में रहने वाले रिटायर कृषि अधिकारी के बैंक एकाउंट से पड़ोसी ने ही 3 लाख 20 हजार रूपए पार कर दिए। मामला उस वक्त सामने आया जब रिटायर कृषि अधिकारी अपने नाती के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिकायत करने पहुंचा। रिटायर अधिकारी का आरोप था कि उसके साथ धोखाधड़ी का मामला एक माह पुराना है भेड़ाघाट मीरगंज निवासी राधिका प्रसाद तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपते हुए बताया कि एक माह पूर्व पड़ोसी विनोद पांडे ने उसके खाते से 3 लाख 20 हजार रूपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जिसकी शिकायत भेड़ाघाट थाने में की गई। आज उक्त व्यक्ति पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# बिना रॉयल्टी दिए चोरी की भरी जा रही थी रेत, चालक को दबोचा
## टैक्टर ट्राली मय रेत जब्त

**जबलपुर।** थाना शहपुरा अंतर्गत आज सुबह खनिज विभाग ने छापा मारकर अवैध रेत भर रहे चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टर-ट्राली जब्त की गई।जानकारी अनुसार सुवह मुखबिर से सूचना मिली कि मालकछार रोड शीतलपुर घाट तरफ से एक बिना नम्बर का सोनालिका कम्पनी का ट्रेक्टर ट्राली में चोरी की रेत भरकर ले जायी जा रही है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी, मालकछार रोड पर सोनालिका कम्पनी का ट्रेक्टर आता दिखा, जिसकी ट्राली में रेत भरी हुयी थी। जिसे रोककर पूछताछ की गई। चालक सुरेन्द्र झारिया उम्र 28 वर्ष निवासी भिटौनी शहपुरा से रेत के परिवहन के संबंध में दस्तावेज पूछने पर रायल्टी नहीं होना बताया, आरोपी ट्रेक्टर चालक द्वारा अवैध रूप से रेत का परिवहन करना पाया जाने पर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

# गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस मनाया गया

**जबलपुर।** सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव जी का पवित्र शहीदी दिवस आज नगर के सिख धर्मावलंबियों द्वारा गुरुद्वारों सहित घरों में पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार गोरखपुर में निशान साहिब लहराने की सेवा की गई मुख्य ग्रंथि ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने सर्वत्र के भले की विशेष अरदास प्रार्थना संपन्न करवाई उन्होंने कहा की विश्व विख्यात आध्यात्मिक धर्म ग्रंथ साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी गुरु अर्जुन देव जी की विश्व को महान देन है रागी जत्था भाई बलजीत सिंह ने समसामयिक गुरबाणी शबद कीर्तन प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन परमजीत सिंह सैनी ने किया प्रधान





साहिब राजेंद्र सिंह छाबड़ा ने संगत के प्रति आभार व्यक्त किया भंवर ताल स्थित एक बाल भवन में गुरुद्वारा माइयां मे सिख नारी मंच द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर गुरु अर्जुन देव जी की पवित्र गुरुवाणी श्री सुखमणि साहिब का समूह पाठ किया गया साथ ही करो ना मन मारी से समग्र विश्व को निजात दिलाने की विशेष प्रार्थना संपन्न करवाई गई।कोरोना महामारी से दिवंगत विद्युत कार्मिकों को दी गई श्रद्धांजलि।

# बिजली मीटर का अधिभार बढ़ाने को लेकर भनोत ने घेरा सरकार को

**जबलपुर।** चालीस प्रतिशत बिजली मीटर का अधिभार बढ़ाने को लेकर अब प्रदेश सरकार चारों तरफ से घिरती नजर आ रही है। कांग्रेस के पूर्व वित्तमंत्री तरूण भनोत ने आज एक पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की है। इन्होने कहा कि एक तरफ जहां आम लोग कोरोना संक्रमण के चलते आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे है। वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार बिजली के बिल में बेतहाशा वृद्धि कर रही है। जिसके पीछे अनैतिक लाभ लेना मंशा है। जिसका समस्त कांग्रेसजन विरोध करेगें। गौरतलब है कि कोरोना संकटकाल के समय विद्युत कंपनियों ने भी आपदा में अवसर तलाश लिया है। विद्युत अपभोक्ताओं,दुकानदारों कारखानों से लेकर सभी को विद्युत नियामक आयोग ने झटका दिया है। अब सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन,वर्तमान भार में वृद्धि सहित अन्य सेवाएं लेने पर चालीस प्रतिशत बढ़ोत्तरी प्रस्तावित की गई है।



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, पनागर जिला- जबलपुर म.प्र.**

क्रमांक/1210/रा.शा/नीलामी/2021 पनागर, दिनांक 14/6/2021

**-: षष्ठम निविदा आमंत्रण सूचना :-**

**पशु पंजीयन नीलामी निविदा सूचना**

वर्ष 2021-22 में दिनांक 01/07/2021 से 31/03/22 तक की अवधि हेतु स्थान- गांधी वार्ड स्थित कांजीहाउस के बाजू से निम्नांकित ठेका हेतु निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 19/06/2021 समय सायं 3:30 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21/06/2021 को दोपहर 3:00 बजे तथा खुलने की तिथि 22/06/2021 को समय सायं 4:30 बजे निर्धारित किया जाता है।

| क्रं. | ठेका का नाम | सुरक्षा निधि | प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | पशु पंजीयन फीस वसूली | 40,000.00/- | 15,73000.00/- |

नोटः- वसूली हेतु प्रस्तावित क्षेत्र नियम शर्तें एवं अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन दिवस/समय में निकाय की राजस्व शाखा से प्राप्त/देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पनागर

# वैक्सीनेशन के प्रति जन-जागरूकता पैदा करने स्कूली बच्चों की होगी ड्राइंग, पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता

जबलपुर।जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान को गति देने तथा आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए स्कूली बच्चों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से टीकाकरण पर केन्द्रित विषयों पर ड्राइंग, पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता विकासखंड स्तर पर होगी तथा छात्र-छात्रायें घर पर रहकर ही इनमें शामिल हो सकेंगे ।जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आर पी चतुर्वेदी के अनुसार स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ रिजु बाफना द्वारा सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**OFFICE OF ADDL.CHIEF ENGINEER(THC),MPPGCL,SIRMOUR**
**NOTICE INVITING TENDER** Email- eehqthc@gmail.com

M.P. power Generating Co.Ltd. invites e-tender on Item rate basis from reputed contractors under TenderNo.2021_MPPGC_141201_1 for Annual repair & maintenance of gates of Beehar Barrage,Head regulator & tail & cross regulator gates of link canal of THP,Sirmour ,Tender No.2021_MPPGC_141202_1 for Annual repair & maintenace of main spillway gates and Head regulator gates of Tons Barrage Bakiya & Tender No.2021_MPPGC_141204_1 for Annual cleaning of approch channel area adjacent to trash rack jali of intake structure and operation of gantry crane of PH-I,THP,Sirmour.with estimated costs of Rs.16.53 lakhs, Rs.15.49 lakhs & Rs.13.60 lakhs.respectively. Last date for online submission & opening of the tender is 12.07.2021/14.07.2021 respectively.For detailed NIT,eligibility criteria, Other terms & conditios of tender document & for any extension of due date /corrigendum /addendum etc shall be available only on e-tendering website www. mptenders.gov.in. and shall not be issued in print media .

(S.K.Shukla)
//Save electricity// Addl.Chief Engineer.(THC),Sirmour.

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.//अ-6/2021-2022
अधारताल, दिनांक 14/6/2021

**//आम इश्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम/नजूल ब्लाक नं. लक्ष्मीपुर तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिरीष कुमार विश्वकर्मा पिता/पति स्व. लालमन जाति विश्वकर्मा निवासी 567/1 चेरीताल वार्ड जबलपुर के द्वारा ग्राम/ब्लाक नं. लक्ष्मीपुर बंदोबस्त नं. 643 प.ह.नं. 04 नजूल प्लाट नं.-- में स्थित भूमि खसरा नंबर 219 ,220, 220/3, रकवा क्रमशः वर्गफुट/हेक्टेयर भूमि पंजीकृत/अपंजीकृत विक्रय पत्र नामांतरण /फौती नामांतरण/वसीयत नामांतरण/हकत्याग पत्र क्रमांक एमपी 1825420 18ए304078 दिनांक 18/1/2018 के माध्यम से नामांतरण हेतु रजिस्ट्री बैनामा/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-14/6/2021
पेशी दिनांक-29/6/2021

तहसीलदार
तहसील अधारताल
जिला -जबलपुर

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)**

Ph.No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266
E-mail:fdknp.mdl@mp.gov.in

क्रमांक/का.टा.रि./मा.चि./1666 मण्डला, दिनांक 11.06.2021

**हाथी राशन क्रय हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत शासकीय हाथियों के भोजन व्यवस्था के लिये निम्नानुसार सामग्री क्रय करने हेतु निविदा दिनांक 28.06.2021 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित मात्रा प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | गेंहू | 4000 कि.ग्रा. |
| 2 | गुड़ | 500 कि.ग्रा. |
| 3 | नमक | 105 कि.ग्रा. |
| 4 | देशी चना | 200 कि.ग्रा. |
| 5 | सोयाबीन | 250 कि.ग्रा. |

**शर्त एवं प्रतिबंध :-**

1. निविदा प्रपत्र दिनांक 17.06.2021 से 28.06.2021 तक दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालयीन समय में रूपये 200/- के भारतीय पोस्टल आर्डर के रूप में जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।
2. निविदाएं केवल निर्धारित निविदा प्रपत्र में ही स्वीकार की जाएंगी। निविदाकर्ता अपनी सीलबंद निविदा दिनांक 28.06.2021 को 3.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त समस्त निविदाएं उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएंगी।
3. निविदा के साथ रूपये 10,000/- की प्रतिभूति राशि जो उप संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला के नाम से देय है, के रूप में संलग्न करना होगा।
4. निविदाकार को वर्तमान GSTN पंजीयन की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. सामग्री आवश्यकतानुसार समय-समय पर क्रय किया जायेगा। जिस हेतु पृथक से प्रदाय आदेश दिया जावेगा।
6. निविदा की समस्त शर्तों एवं संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला से प्राप्त की जा सकती है।

उप संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व,
मण्डला (म.प्र.)

जी-13284/21

# दुर्घटना के शिकार युवक को परिजनों ने सुला दिया सुबह मिला मृत



**बेलखेड़ा थाना क्षेत्र की घटना मामले की कार्रवाई जारी**

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लम्हेटा ग्राम का रहने वाला 24 वर्षीय युवक बाइक से गिर गया था, जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी, लेकिन परिजनों ने किसी डॉक्टर से दिखाने के बजाए उसे खाना खिलाकर सुला दिया और जब सुबह परिजनों की नींद खुली तब तक युवक इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह चुका था। जब सुबह परिजनों ने देखा तो आवक रह गए। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले लमहेटा ग्राम का रहने वाला 24 वर्षीय प्रकाश सिंह पिता छप्पन सिंह शराब पीने का आदी था वह विगत 2 दिन पूर्व अपनी बहन के यहां उडना पाटन गया हुआ था, जहां से वह बीती रात बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण वह बाइक समेत गिर गया। बाद में इसकी सूचना परिजनों को मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और वहां से अपने साथ लेकर घर को आए जहां पर उसको खाना खिलाने के बाद सुला दिया। सुबह जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो वह मृत हालत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/निविदा/2021/4704 नरसिंहपुर दिनांक 08/06/21

**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) के अधीन शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में साफ-सफाई सेवा कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से निविदा प्रपत्र में दशाई गई शर्तों के आधार पर जिला-नरसिंहपुर में वित्तीय वर्ष 201-22 हेतु ई-निविदा आमंत्रण की जाती है।

**-: ई-निविदा आमंत्रण :-**

| कार्य का नाम | सुरक्षा निधि | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा ऑफ लाईन जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर में खोलने का दिनॉक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं मे साफ-सफाई सेवा कार्य हेतु निविदा | रूपये 50000.00 अंकन-पचास हजार रूपये मात्र | दिनॉक 21.06.2021 को सायं 04:00 बजे | दिनॉक 22.06.2021 को सायं 05.00 बजे तक | 1. अनिवार्य सबमिशन लिफाफा क्रमॉक अ दिनॉक 24.06.2021 को दोपहर 02:00 बजे<br>2. तकनीकी प्रस्ताव लिफाफा क्रमॉक ब दिनॉक 24.06.2021 को 02:00 बजे<br>3. वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा क्रमॉक स दिनॉक 29.06.2021 को दोपहर 02.00 बजे |

- निविदा प्रपत्र दिनॉक 14.06.2021 पूर्वान्ह 01.00 बजे से दिनॉक 21.06.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे तक म. प्र. शासन के ई-टेण्डर पोर्टल की बेवसाईट https://mptenders.gov.in/ से वापिसी अयोग्य 1000.00 रूपये अंकन (एक हजार रूपये मात्र) ई-पैमेन्ट कर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
- निविदा मान्य करना/बिना किसी कारण निविदा निरस्त करने के अधिकार क्रय समिति के पास पूर्णतः सुरक्षित है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

जी-13322/21

# अब गरीबों को थैले में मिलेगा राशन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गरीबों को उचित मूल्य की दुकान से राशन थैले में दिया जाएगा। इस पर टीकाकरण सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दर्ज रहेगी। यह निर्णय मंत्रियों के साथ मंथन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। उन्होंने बताया नवंबर 2021 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को निशुल्क राशन मिलेगा। उधर, मंत्रियों ने इस मंथन को सार्थक बताते हुए कहा, इससे प्रदेश के विकास की दिशा में तेजी से काम होगा। बैठक में मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। सूत्रों के मुताबिक अनौपचारिक चर्चा में तय किया गया कोरोना से दिवंगत अधिकारी-कर्मचारी के स्वजन को उनके घर जाकर अनुकंपा नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इससे जनता में सरकार को लेकर सकारात्मक संदेश जाएगा। विदेशों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को बतौर आइकान प्रस्तुत किया जाएगा। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लिए बने नौ मंत्री समूहों को एक सप्ताह में बैठक कर रिपोर्ट देनी होगी। जलाशय खाली होने के बाद नीलाम करें भूमि बैठक में वन मंत्री विजय शाह ने सुझाव दिया जलाशयों में पानी खत्म होने के बाद भूमि खेती के लिए नीलाम की जाए। अभी इन पर कब्जा कर खेती की जाती है। नीलामी से राजस्व भी मिलेगा। अनुपयोगी शासकीय भूमि नीलाम करने, गृह निर्माण समितियों द्वारा उपयोग नहीं करने पर वापस लेने, रेत के ठेकों में स्थानीय और छोटे कारोबारियों की भागीदार सुनिश्चित करने, उद्योगों में रोजगार के लिए युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाने, छोटे और अजा-जजा वर्ग के किसानों पर ध्यान देने के सुझाव दिए गए। कुछ मंत्रियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल खोलने का सुझाव दिया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के लिए गठित मंत्री समूह इस विचार करके अनुशंसा देगा।

### सीएम ने सुनाई दो कहानियां, जनता की सेवा करने का दिया संदेश

### मंत्री बोले- सार्थक रहा मंथन, तेजी से होगा काम

सभी मंत्रियों ने इस मंथन को सार्थक बताया। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि कोरोनाकाल में प्रदेश में राजस्व की कमी आई पर आवश्यक खर्चों को कम नहीं किया गया। कृषि और उद्योग आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए नए क्षेत्र तलाशे जाएंगे। वहीं, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि डेढ़ साल पहले कांग्रेस की सरकार थी। तब से अब में बिजली की स्थिति में काफी सुधार है। तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया बोलीं कि कोरोनाकाल की चुनौतियों का सामने करने के बाद अब रोजगार के अवसर और आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने पर फोकस है। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि राजस्व के स्त्रोत इस तरह से बढ़ाएंगे, जिसमें आम आदमी पर भार न आए। लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा बोले कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्वरोजगार पर जोर दिया जाएगा। अगस्त में तीन हजार नई इकाइयां 42 जिलों में प्रारंभ होंगी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कोरोना की लड़ाई को जन आंदोलन बनाने की मंशा से जो आपदा प्रबंधन समूह बनाए थे, वे आगे भी काम करते रहेंगे।



### पहली कहानी

एक गांव में मंदिर निर्माण के लिए तीन मजदूर पत्थर तोड़ रहे थे। उधर से साधुओं का गुजरना हुआ। उन्होंने एक मजदूर से पूछा- क्या कर रहे हो। वह चिढ़कर बोला- देखते नहीं पत्थर तोड़ रहा हूं। दूसरे ने कहा- मजदूरी कर रहा हूं। पत्थरों पर नक्काशी कर रहा हूं। तीसरे ने कहा- मैं सौभाग्यशाली हूं, मंदिर निर्माण में सहयोग कर पत्थरों को सुंदर रूप प्रदान कर रहा हूं।

**संदेश**

मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से कहा, हमें भी कहानी के पात्र तीसरे मजदूर की तरह खुद को सौभाग्यशाली मानना चाहिए कि हमें जनता की सेवा का अवसर मिला है।

### बैठक के औचित्य पर सवाल



मंत्रालय छोड़कर आलीशान रिजार्ट में मुख्यमंत्री के मंत्रियों के साथ बैठक करने के औचित्य पर प्रदेश कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने कहा, जब करोड़ों रुपये खर्च करके मंत्रालय एनेक्सी बनाई गई है तो इस तरह रिजार्ट में बैठक करने का मतलब क्या है। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं कोरोना संक्रमण की वजह से राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ है और दूसरी ओर एक दिन की बैठक पर लाखों रुपये फूंके जा रहे हैं। जबकि, प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के बुरे हाल हैं।

### दूसरी कहानी

महाभारत काल में यक्ष ने पांडवों से अलग-अलग सवाल किए थे। सभी ने अलग-अलग जवाब दिए, लेकिन युधिष्ठिर ने सही जवाब देकर यक्ष का मन जीत लिया था। युधिष्ठिर-यक्ष संवाद का भाव यह था, जीवनकाल में ऐसा काम कर जाएं कि उन्हें याद रखा जाए।

**संदेश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ मंत्री काफी युवा हैं और उनके पास काफी समय है तो कुछ ऐसे हैं, जिनके पास सेवा कार्य के समय का बंधन है। दोनों समूहों को अपनी-अपनी उपयोगिता साबित करते हुए ऐसे काम करने चाहिए कि जनता लंबे समय तक याद रखे।

# पहली बार चौबीस घंटे में पिंजरे से आजाद हुआ तेंदुआ

**भोपाल ।** राजधानी भोपाल में स्थित वन विहार नेशनल पार्क लाए जाने वाले किसी तेंदुए को पहली बार चौबीस घंटे के भीतर पिंजरे से आजादी मिली है। सोमवार को पार्क प्रबंधन ने तेंदुए को रातापानी वन्यजीव अभयारण्य में ले जाकर छोड़ दिया है। इस तेंदुए को रविवार की दोपहर रायसेन की गढ़ी बीट के सांकल गांव से रेस्क्यू किया था। किसानों द्वारा मवेशियों से सुरक्षा के लिए लगाए गए जालीदार तारों में यह तेंदुआ फंस गया था। वन विहार के चिकित्?सक ने इस तेंदुए का मुआयना किया। वह पूरी तरह ठीक था, इसलिए इसे जंगल में छोड़ दिया गया। आमतौर पर वन विहार लाए जाने वाले वन्यप्राणियों को लंबे समय तक बाड़े में रखा जाता है, जो कैद के समान है। ये अमूमन ऐसे वन्यप्राणी होते हैं, जिन्हें गंभीर रूप से घायल व कमजोर होने के बाद वन विहार लाया जाता है। एक बार लाए जाने के बाद ज्यादातर वन्यप्राणियों का जीवन पार्क में ही बीत जाता है। वन विहार नेशनल पार्क के डायरेक्टर अजय यादव ने बताया कि वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. रजत कुलकर्णी ने जांच की। तेंदुए के शरीर में कोई चोट नहीं मिली है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है। यह रिपोर्ट वन्यप्राणी कार्यालय को भेजी थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक की सहमति के बाद इस तेंदुए को जंगल में छोड़ा है।



### तेंदुए की हो रही निगरानी

रातापानी वन्यजीव अभयारण्य प्रबंधन तेंदुए की निगरानी कर रहा है। इसके मूवमेंट पर नजर रखने के लिए अलग से अमले की ड्यूटी लगाई है। वन्यप्राणी विशेषज्ञों का कहना है कि प्राकृतिक रहवास स्थल से रेस्क्यू किए जाने वाले वन्यप्राणियों को यदि कम समय के भीतर वापस किसी भी प्राकृतिक रहवास स्थल पर छोड़ दिया जाए तो खतरा नहीं होता है, लेकिन लंबे समय बाद छोड़ने में कई बार दिक्कत हो सकती है।



# रोल... कैमरा... एक्शन के लिए फिर तैयार है भोपाल

**भोपाल।** कोरोना की दूसरी लहर के बाद अप्रैल की शुरुआत से ही बंद शूटिंग अब स्थिति सामान्य होने के बाद जल्द शुरू हो सकती है। शहर के कलाकार और टेक्१शियन इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इंतजार है सिर्फ अनुमति का। संभावना है कि 16 जून को जिला प्रशासन की ओर से इसकी गाइड लाइन जारी हो जाएगी। कलेक्टर ने भी ऐसे संकेत दिए हैं। मप्र पर्यटन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि इसके लिए फिल्म टूरिज्म इकाई ने जिला प्रशासन को प्रस्ताव भी भेजा था, जिसमें अपडेट एसओपी के साथ शूटिंग शुरू करने की अनुमति मांगी गई थी। चूंकि शहर में अब अनलॉक का दायरा बढ़ाते हुए शॉपिंग मॉल को खोलने की अनुमति मिल गई है, वहीं शादियों में अब 40 लोग शामिल हो सकेंगे। ऐसे में नई गाइडलाइन के साथ 20 जून तक शूटिंग शुरू हो सकती है। इस बार फिल्म निर्माण से जुड़े सभी लोगों के लिए टीकाकरण अनिवार्य होगा।थम गए थे 15 प्रोजेक्ट ॰ भोपाल और आसपास के इलाकों में शूटिंग जब बंद हुई थी, तब करीब 15 प्रोजेक्ट अटक गए थे। ये अब फिर से शुरू होंगे। इसी के साथ कुछ नये प्रोजेक्ट भी आने की उम्मीद है, जिसके लिए रेकी की जा रही है। लाइन प्रोड्यूसर जैद अली ने बताया कि फिल्म, टीवी सीरियल और वेब सीरीज को शूटिंग शुरू होने से भोपाल में करीब पांच सौ स्थानीय कलाकारों को काम मिलेगा, जो कि दो महीने से बेरोजगार बैठे हुए हैं। सभी कलाकार शूटिंग के लिए तैयार हैं और उन्होंने कोरोना टीका के दोनों डोज भी लगवा लिए हैं। साथ ही मुंबई से आने वाली टीम को भी कहा गया है कि सभी लोग टीकाकरण के बाद ही भोपाल आएंगे।

### अपडेट होगा पोर्टल

इधर, फिल्म निर्माताओं को मध्य प्रदेश में फिल्म शूटिंग की अनुमति के लिए ऑनलाइन पोर्टल जनवरी में प्रारंभ किया गया था, जिसे और सुविधाजनक बनाया जा रहा है। द्वद्वद्वद्वष्द्वद्यद्य.द्वश्चश्ठ्ठद्वद्वठ्ठद्.द्द्य1.द्वठ्ठ के माध्यम से प्रक्रिया को सरल और सुव्यस्थित किया है। अगले चरण में फिल्म निर्माण से संबंधित व्यक्तियों के सुझाव एवं वर्तमान अनुभवों के आधार पर पोर्टल को ओर अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जब अप्रैल के महीने में लॉकडाउन हुआ था तो गांधीएटगोडसे.कॉम नामक फिल्म की शूटिंग की तैयारी भी चल रही थी। यह फिल्म साहित्यकार असगर वजाहत के नाटक पर आधारित है। इस फिल्म का निर्माण घायल जैसी मशहूर फिल्म बनाने वाले राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। शूटिंग रद होने के बाद असगर वजाहत को कुछ समय भोपाल में रुकना पड़ा था।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का त्वरित संतोष-जनक निराकरण सुनिश्चित करें - संभागायुक्त

भोपाल। सीएम हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों का उच्च प्राथमिकता के आधार मुस्तैदी से निराकरण करवाएं। संतोषजनक निराकरण के बाद ही शिकायत को बंद किया जाए। उक्ताशय के निर्देश संभागायुक्त कवीन्द्र कियावत ने सीएम हेल्पलाइन की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने संभाग के सभी जिलों के साथ ही विभागवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की।संभागायुक्त ने कहा कि गंभीरता से न लेने के कारण कई शिकायतें बेवजह एल-1 से एल-4 स्तर तक पहुंच जाती हैं। विभाग से संबंधित शिकायत न होने पर, नियामाधीन लाभ न दिए जाने पर या अन्य निराकृत योग्य कारण न होने पर ही शिकायतों को फोर्स क्लोज किया जाए। अंतरविभागीय मुद्दों का आपसी समन्वय से निराकरण किया जाए। हितग्राहीमूलक योजनाओं में लाभ न मिलने की शिकायतों में आवश्यक दस्तावेज या जानकारी प्रथम संपर्क पर ही जुटाई जाए। उन्?होंने कहा मैदानी अमला हितग्राही को विस्तृत जानकारी देकर आवश्यक दस्तावेज या जानकारी लें तो लोक स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की शिकायतें अपने आप कम हो जाएंगी। सतही कारणों को शिकायत बंद करने का आधार नहीं माना जा सकता। ठोस कारण के साथ, आवेदक को अवगत कराकर एवं संतुष्ट करके ही शिकायते बंद की जाए।संभागायुक्त ने ऊर्जा विभाग, खाद्य आपूर्ति, नगर पालिका, नगर परिषद अन्य नगर निकाय, पंचायती राज, प्राकृतिक प्रकोप राहत, राजस्व, पुलिस, लीड बैंक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संस्थागत वित्त, सामान्य प्रशासन, मनरेगा, सामाजिक न्याय एवं निशक्त कल्याण, सुल्तानिया महिला चिकित्सालय, आरजीपीवी, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय और भोज मुक्त विश्वविद्यालय विभागों की लंबित हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तृत समीक्षा कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# बरकतउल्ला विवि के रजिस्ट्रार ने दो पूर्व छात्रों के खिलाफ थाने में की शिकायत




**भोपाल ।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों ने दो पूर्व छात्रों के खिलाफ रजिस्ट्रार डॉ. एचएस त्रिपाठी को लिखित शिकायत की। छात्रों ने आरोप लगाया है कि दो पूर्व छात्र उन्हें धमकाते हैं और उनसे अनैतिक व असंवैधानिक काम करवाते हैं। छात्रों की इस शिकायत के बाद रजिस्ट्रार एचएस त्रिपाठी ने बागसेवनिया थाने को पत्र लिखकर दोनों छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। रजिस्ट्रार द्वारा थाना प्रभारी बागसेवनिया को भेजे पत्र में कहा गया है कि विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के नियमित छात्रों ने उनसे लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व छात्र भगवान सिंह राजपूत एवं पंकज भार्गव द्वारा विभाग एवं छात्रावास में रहने वाले छात्रों के साथ मारपीट की जाती है। साथ ही दबाव डालकर छात्रों से अपने कार्य करवाते हैं। इन पूर्व छात्रों की अनैतिक बात नहीं मानने पर छात्रावास व बाहर रहने वाले छात्रों को गाली-गलौज कर धमकाया जाता है। इन पूर्व छात्रों के कारण यहां पढ़ने वाले छात्र डरे हुए हैं। दोनों पूर्व छात्रों ने इस शिकायत को झूठा और मुद्दों से भटकाने का प्रयास बताया है। रजिस्ट्रार ने इस संबंध में थाना प्रभारी को लिखे पत्र में जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग के दो छात्रों ने शिकायत की थी कि उन्हें कुछ पूर्व छात्र प्रताड़ित कर रहे हैं। इसे लेकर बागसेवनिया थाने में शिकायत भेजी है।

### - एचएस त्रिपाठी, रजिस्ट्रार, बीयू

हमारे खिलाफ शिकायत झूठी है। हम समय-समय पर विवि की गड़बड़ियां और अनियमितताओं को लेकर आवाज उठाते रहते हैं। इसे लेकर भी विवि प्रशासन हमसे खफा रहता है। यही कारण है कि कुछ छात्रों की शिकायत पर विवि ने थाने में शिकायत की है।



# ब्यूटी पार्लर संचालिका से 28 हजार रुपये की ठगी

**भोपाल ।** हनुमानगंज में एक महिला के खाते से 28 हजार रुपये उड़ा लिए गए। आरोपितों ने महिला के ब्यूटी पार्लर में शादी के लिए दुल्हन का मेकअप कराने की बुकिंग की थी। इस दौरान पेटीएम से एक रुपये आने के बाद उसके खाते से 28 हजार रुपये कट गए। पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है। हनुमानगंज पुलिस के मुताबिक घोड़ा नक्कास साहब परिसर निवासी भारती श्रीवास्तव (48) अप्सरा ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। 12 जून को महिला के पास एक व्यक्ति ने फोन कर कहा कि वह मंडीदीप से बोल रहा है और उसे दुल्हन का मेकअप कराना है। बाद में एक और नंबर से फोन आया और आरोपित ने कहा कि वह ऑनलाइन पेमेंट एडवांस में कर देगा, इसलिए वह पहले एक रुपए ऑनलाइन भेज रहा है। उसने पैसे ऑनलाइन भेजने के बहाने महिला से पिन नंबर ले लिया और उनके खाते से तीन किस्तों में करीब 28 हजार रुपये निकाल लिए। महिला ने उन दोनों मोबाइल नंबर की सर्चिंग की तो पता चला कि वह नंबर अजय कुमार और राहुल शर्मा के नाम दर्ज हैं। इस मामले में महिला ने साइबर सेल में शिकायत की थी, और उसके प्रतिवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अब दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी है।

### साइबर सेल ने एडवाइजरी जारी की, लुभावने ऑफर्स में न फंसें

भोपाल साइबर क्राइम पुलिस ने सोमवार को एक बार फिर लोगों को आगाह किया और एडवाइजरी जारी कर जानकारी दी कि ऑनलाइन ठग सक्रिय हैं और वह लोगों को तरह-तरह से संदेश और फोन कर उनको लुभावने ऑफर देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। इसलिए सावधान रहें। साइबर सेल ने एडवाइजरी में कहा कि नकद इनाम, कैश बैक और अन्य कई तरह के लुभावने ऑफर के नाम पर क्यूआर कोड और किसी भी प्रकार की लिंक को बिना जानकारी के नहीं खोलें। अभी वर्तमान में कई लोगों के साथ इस प्रकार से धोखाधड़ी के मामले सामने आ चुके हैं। अलग-अलग थानों में इनके खिलाफ केस दर्ज किए जा चुके हैं। इसलिए इस प्रकार के फोन आने पर ज्यादा बात नहीं करें। सुनते ही फोन काट दें। किसी से अपनी खाता संबंधी जानकारी साझा नहीं करें। फोनपे, गूगलपे जैसे ट्रांजेक?शन एप को सावधानी पूर्वक उपयोग करें। अनजान एप डाउनलोड करने से बचें।

# बैरागढ़ में पुराने बस स्टैंड के पास बनेगा शॉपिंग कांप्लेक्स




भोपाल । राजधानी भोपाल के उपनगर संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में पुराने बस स्टैंड के निकट नगर निगम के जल कार्य विभाग एवं सीवेज अनुभाग के कार्यालय की जगह जल्द ही भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स नजर आएगा। नगर निगम ने दोनों कार्यालय भवन को तोड़कर शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। यहां पर कुल 26 दुकानें एवं पांच व्यवसायिक कार्यालय बनाए जाएंगे। बता दें कि निगम ने चार माह पहले ही इन दुकानों के लिए नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी थी। भूतल की अधिकांश दुकानें अधिकतम प्रीमियम के आधार पर नीलाम की जा चुकी हैं। इसके निर्माण पर नगर निगम करीब दो करोड़ 57 लाख रुपये खर्च करेगा। निगम को प्रीमियम के रूप में इससे दोगुनी से अधिक राशि मिलने की संभावना है। हर माह किराया भी निगम के खाते में जाएगा। यहां भूतल के अलावा प्रथम एवं द्वितीय तल पर भी दुकानें एवं कार्यालय बनाए जाएंगे। निगमायुक्त ने निरीक्षण, विधायक ने पूजन किया ॰ नगर निगम आयुक्त केवीएच चौधरी ने सोमवार को स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांप्लेक्स निर्माण के लिए भूमिपूजन कर इसका नाम महाराणा प्रताप शॉपिंग कांप्लेक्स रखने की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, किशन अच्छानी, महिला नेत्री शीला शामनानी, किरण वाधवानी, कमल वीधानी एवं रमेश जनियानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हमीदिया अस्पताल का कोविड ब्लॉक दो और जेपी का एक वार्ड बंद

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में कोरोना मरीजों की संख्या कम होने के बाद हमीदिया अस्पताल का कोविड ब्लॉक-2 बंद कर दिया गया है। इस वार्ड को सैनिटाइज करा दिया गया है। अब यहां पर पहले की तरह मेडिसिन के मरीजों को भर्ती किया जाएग। पहले इस ब्लॉक का एक वार्ड बंद किया गया था। अब पूरा ब?लॉक बंद कर दिया गया है। अभी कोविड-1 (ट्रामा एवं इमरजेंसी यूनिट) और कोविड ब्लॉक डी में मरीज भर्ती हैं। इस संदर्भ में हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. लोकेन्द्र दवे ने बताया कि और मरीज कम होते हैं तो ब?लॉक-1 को भी बंद कर दिया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि ट्रामा के मरीजों को बेहतर इलाज हो सकेगा। अभी इमरजेंसी को पुराने सर्जरी वार्ड के पास शिफ्ट किया गया है। इससे जुड़ी ओटी और आइसीयू नहीं होने की वजह से ट्रामा और इमरजेंसी के मरीजों को इलाज में दिक्कत हो रही है। एक्सरे और सोनोग्राफी के लिए मरीजों को दूसरी जगह लेकर जाना पड़ता है।

# सस्ती बिजली के लिए साढ़े 14 हजार करोड़ रुपये अनुदान देगी सरकार!

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार साढ़े 14 हजार करोड़ रुपये का अनुदान देगी। वर्ष 2020-21 के लिए बिजली कपंनियों को यह राशि ऊर्जा विभाग के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। साथ ही पिछले साल कर्मचारियों के लागू विशेष त्योहार अग्रिम योजना, पथ विक्रेताओं को एक-एक हजार रुपये की सहायता देने के निर्णय के अनुसमर्थन का प्रस्ताव भी रखा जाएगा।शिवराज सरकार ने स्थायी कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए फ्लैट रेट योजना 2013-14 में लागू की थी। इसमें दस हार्सपावर तक के मीटर रहित स्थायी कृषि पंप उपभोक्ताओं को प्रति हार्सपावर प्रतिवर्ष 750 रुपये और इससे अधिक क्षमता के पंप वाले उपभोक्ताओं को प्रति हार्सपावर डेढ़ हजार रुपये बिजली देने का प्रविधान है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा तय दर से कम पर बिजली देने के कारण सरकार नौ हजार 773 करोड़ रुपये का अनुदान तीनों बिजली कपंनियों को देगी।घरेलू उपभोक्ताओं, जिनकी मासिक खपत 150 यूनिट तक है, को इंदिरा गृह ज्योति योजना का लाभ दिया जा रहा है। इन्हें प्रथम सौ यूनिट तक सौ रुपये की दर से बिल लिया जा रहा है। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उपभोक्ताओं को तीस यूनिट तक मासिक खपत पर 25 रुपये देना होते हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को दर में रियायत देने के एवज में सरकार बिजली कंपनियों को चार हजार 945 करोड़ रुपये का अनुदान देगी।इसी तरह अन्य क्षेत्रों में बिजली की दरों में सरकार द्वारा दी गई छूट के लिए अनुदान दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिजली की दरें में रियायत देने के एवज में बिजली कपंनियों को अनुदान देने के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय कैबिनेट में लिया जाएगा।वहीं, सरकार ने कर्मचारियों को पिछले साल चार हजार रुपये तक त्योहार अग्रिम देने का फैसला किया था। इस योजना को अनुसमर्थन के लिए कैबिनेट में रखा जाएगा। साथ ही कोरोना संकट के समय पथ विक्रेताओं को दी गई एक-एक हजार रुपये की सहायता देने का निर्णय को भी अनुमति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में इसके अलावा अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श होगा।



### सेल्फी प्वाईंट पर सेल्फी लेकर किया खुशी का इजहार

# वैक्सीन लगवाने युवाओं से लेकर बुर्जुगों तक में दिखा उत्साह

***बदले मौसम ने टीकाकरण के उत्साह को दोगुना कर दिया है। ज्यादातर लोग शाम या फिर सुबह के वक्त वैक्सीन लगवाने पहुंचते थे। मौसम सुहाना होने से लोगों की भीड़ दोपहर में अच्छी खासी देखने को मिली।***



**सिहोरा।** युवक-युवतियों संग बुर्जुग भी टीकाकरण के बाद सेल्फी लेते नजर आए। सेल्फी प्वाइंट पर भी लोगों ने फोटो खींचकर खुशी का इजहार किया।

**सिहोरा 102 प्रतिशत टीकाकरण**

सिहोरा विकासखंड हेतु 14 जून को टीकाकरण के लिए 2000 लक्ष्य प्राप्त हुआ था लक्ष्य से कहीं अधिक 2048 लोगों ने कोरोना वैक्सीन लगवाई। प्रभारी चिकित्सक एवं विकास खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरपी त्रिपाठी ने बताया कि 2 दिन वैक्सीनेशन बंद होने के कारण आज टीकाकरण केंद्र में सुबह से ही वैक्सीनेशन कराने लोगों की भी एकत्र हो गई वैक्सीन लगवाने युवाओं के साथ साथ भारी संख्या में वृद्ध भी उपस्थित हुए नगर में हिंदी स्कूल तथा उपनगर खितौला में सामुदायिक भवन पर टीकाकरण का इंतजाम किया गया। इसके अलावा सिहोरा विकासखंड अंतर्गत 24 ग्राम पंचायतों में भी टीकाकरण किया गया सुबह से युवक-युवती व बुजुर्गों की लाइन लगी थी। टीका लगवाने के बाद बड़ी संख्या में लोग सेल्फी प्वाइंट पर जुटे। फोटो खिंचाकर अपनी खुशी का इजहार किया। सिहोरा खितौला सहित ग्राम पंचायतों में टीकाकरण की व्यवस्था की गई थी एवं गोसलपुर मझगवा सहित सभी पीएचसी ने लक्ष्य से अधिक वैक्सीनेशन का कीर्तिमान स्थापित किया



**मझौली लक्ष्य 1500 टीकाकरण 1575**

विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर पारस ठाकुर ने बताया कि 14 जून को मझौली विकासखंड को1500 लोगों की टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया था लक्ष्य से अधिक 1574 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया है मझौली विकासखंड अंतर्गत 16 केंद्रों में टीकाकरण की व्यवस्था की गई थी सुबह के मुकाबले 12 बजे के बाद लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इसमें युवक-युवतियों की संख्या अधिक नजर आई। अस्पताल में कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जा रही है। प्रत्येक बूथ पर पैरामेडिकल स्टाफ मुस्तैद नजर आया।

**टीकाकरण मैं दिखा उत्साह**

युवाओं और बुजुर्ग महिला-पुरुष काफी तादाद में टीका लगवाने पहुंचे कई केंद्रों में लंबी लंबी लाइन भी नजर आई लेकिन कोविड प्रोटोकॉल के तहत टीका लगाया गया। सभी के बैठने के लिए व्यवस्था दिखी। स्वास्थ्यकर्मी टीके के बाद होने वाली छोटी-मोटी दिक्कतों के बारे में भी जागरूक कर रहे थे।

## टीकाकरण अभियान का आयोजन



**जबलपुर।** स्विगी ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स का टीकाकरण (वैक्सीनेशन) करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, इंदौर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक विशेष शिविर में उन्हें टीका (वैक्सीन) लगवाने का प्रबंध किया है। इसके अलावा, स्विगी ने जबलपुर में भी जबलपुर होटल्स एंड रेस्टॉरेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर टीकाकरण अभियान का आयोजन किया है। देशभर के विभिन्न शहरों जैसे दिल्ली, एनसीआर, चेन्नई, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में स्विगी के हजारों डिलीवरी पार्टनर्स को पहले ही टीका लगाया जा चुका है।स्विगी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) विवेक सुंदर ने कहा, हमारे डिलीवरी पार्टनर्स और फ्रंटलाइन स्टाफ लगातार उपभोक्ताओं की सहायता के लिए तैनात हैं, और खासतौर से हाल में लागू प्रतिबंधों के दौरान भी उन?होंने मोर्चा संभाला हुआ था। यह टीकाकरण (वैक्सीनेशन) अभियान उनकी तथा हमारे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ाया गया सक्रिय कदम है। हमारे हजारों पार्टनर्स को टीके की पहली डोज लग चुकी है और हमें पूरा यकीन है कि हमारी टीम में शामिल पार्टनर्स की बड़ी संख?या आने वाले हफ्तों में अपना टीकाकरण कराने के लिए



## उपभोक्ताओं को मिले इंदिरा ग्रह ज्योति योजना का लाभ

**आप पार्टी ने सौपा ज्ञापन**

**सिहोरा।** बिजली उपभोक्ताओं को शासन की इंदिरा ग्रह ज्योति योजना का लाभ दिलाने आम आदमी पार्टी आप ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पिछले माह पूर्व क्षेत्र विघुत वितरण कम्पनी द्वारा बिना मीटर रींडिग के औसत के आधार पर बिजली बिल जारी कर दिय गये जिसे लाकडाउन के कारण व पैसों की कमी के कारण लोगों द्वारा भुगतान नही किया गया। पिछले माह के बिलों में शासन की इंदिरा गृह ज्योति योजना द्वारा सब्सिडी लागू थी इस माह जो बिल जारी किये गये है जिन लोगों ने पिछले माह बिल का भुगतान नहीं किया गया उन लोगों को शासन की योजना का लाभ नहीं दिया गया वर्तमान समय में मध्यवर्ग व गरीब लोंगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसी समय बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल जारी कर दिये गये और किसी भी योजना का लाभ नही दिया गया जो कि उपभोक्ताओं के साथ सरासर अन्याय है। अतः इस महामारी के दौरान शासन की इंदिरा गृह ज्योति योजना का लाभ तत्काल इस माह के बिलों में भी जारी करने के साथ ही इस माह के बिजली बिलों का माफ किया जावे जिससे गरीब व मध्यवर्ग के लोगों का राहत मिल सकें। अधिक बिल आने के कारण आम लोगो में सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही। इस अवसर पर आप के संतोष वर्मा,महेंद्र सैनी, जमुना प्रजापति,मुन्ना राय, संजय पाठक, नंदकिशोर गुप्ता,अमरेश पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण के साथ सुखदुःख परिवार के अभियान का समापन



**जबलपुर।** सुखदुःख परिवार द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर में एक साथ 51 वृक्ष लगाए गए, जिसके साथ ही इनके 10 दिवसीय वृक्षारोपण अभियान का समापन हुआ। सुखदुःख परिवार के सदस्यों ने इन 50 वृक्षों को स्वयं के व्यय पर लगाया और खाद, मिट्टी के साथ साथ इन पौधों की देखरेख हेतु 2 महीने के लिए माली भी नियुक्त किया। पूर्व में सुखदुःख परिवार ने लगभग 7 लाख की राशि से अस्पताल को बेड, टेबल आदि देकर प्रारंभ कराया था, और जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से चर्चा कर यहाँ अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस अवसर पर विधायक इंदु तिवारी, पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ पंकज शुक्ला, डॉ प्रदीप दुबे, डर रत्नेश कुररिया (ष्टरू॥ह), डॉ संजय मिश्रा, डॉ नितिन श्रीनिवासन के साथ साथ श्री इंद्रेश दुबे, वंदना सिंह, भोलेशंकर सोनी, डॉ कल्पना मिश्रा, मनीष विश्वकर्मा, श्वेता गोंटिया, राजेश गुप्ता, अक्षय शुक्ला, अंजनी पांडे, नरेंद्र खरे, प्रणीता बबेले, अनीता मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह, ममता गौतम, अनुज जैन, शैलेश जैन, निक्कू जैन, संजय केशरवानी, राज जैन, शैलेश पटेल, गौरव श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, रत्ना प्रजापति, विपुल वर्धन जैन, विजय मोर, सिद्दू जैन, गोलू मतानी, अनमोल अग्रवाल, राहुल गुप्ता, वीरेंद्र नामदेव, जितेंद्र बबेले, रोहित गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, दीपक दुबे, गोपाल अग्रवाल, राघवेन्द्र सिंह, बृजेश ठाकुर, नवीन कोष्टा, एकता कोष्टा, अमित गुप्ता, विकास दीक्षित, अभिषेक पटेल, विवेक साहू, सौरभ दुबे ने भी पौधे रोपकर इनके संरक्षण का संकल्प लिया। सुखदुःख परिवार के संस्थापक पवन तिवारी का कहना है कि वे लगातार समाज मे पर्यावरण के प्रति जागृति लाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का कल सुरक्षित हो सके।

## भाजपा की कामकाजी बैठक लेने के लिए पहुंचे धुर्वे

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धुर्वे ने 13 जून 2021 को अनूपपुर भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने कामकाजी बैठक ली बैठक में प्रमुख रूप से सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप जायसवाल रामलाल रौतेल पूर्व विधायक सुदामा सिंह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश द्विवेदी सिद्धार्थ शिव सिंह जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी भूपेंद्र सिंह सिंगर राम अवध सिंह प्रकाश मिश्रा चंद्रिका द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह भाजपा के मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा रोशन पनारिया प्रमोद सिंह दिनेश राठौर विजय बहादुर सिंह मुकेश पटेल फुक्कू सोनी पुष्पेंद्र जैन राजेश कलसा सुनील उरमलिया भूपेंद्र महरा अक्षय पांडे तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## वैक्सीनेशन में सहयोग कर रहे अभाविप के कार्यकर्ता



**सिहोरा।** सेवा भाव के मूल उदेश्य को लेकर कोरोना काल से सक्रिय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार टीम के साथ कार्य में लगी है। पहले कोविड वार्ड में जाकर मरीजों को भोजन वितरण, हॉस्पिटल परिसर में आने जाने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग से लेकर अब पिछले पच्चीस दिनों से वैक्सीनेशन सेंटर में छात्रों के साथ छात्रा कार्यकर्ता अपनी सेवा दे रहे हैं। सोमवार को खितौला स्थित वैक्सीनेशन सेंटर में सुबह जैसे ही वैक्सीनेशन प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, अभाविप छात्रा कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं सम्हाली।अब सिहोरा एवं खितौला वैक्सीनेशन सेंटर दोनों में ही कार्यकर्ता सेवा दे रहे हैं।सभी कार्यकर्ताओं के योगदान को देखकर समाजसेवियों के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन ने भी सराहना की है।सभी छात्रा कार्यकर्ता प्रतिदिन वैक्सीनेशन सेंटर में वॉलंटियरिंग करेंगी।इस अवसर पर नगर छात्रा प्रमुख मुस्कान कारदा, स्टडी सर्कल प्रमुख दीक्षा ठाकुर, पलक कारदा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## रोहित शेट्टी कलर्स पर खतरों के खिलाड़ी 11 के साथ वापस आ रहे हैं

**एजेंसी।** रोमांच, एडवेंचर और रगों में जोश भर देने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि खतरों के खिलाड़ी अपने 11वें सीजन के साथ वापसी कर रहा है और एक्शन से भरपूर स्लीक प्रोमो के साथ इसकी शुरुआत एक्शन के देवता रोहित शेट्टी कर रहे हैं। केप टाउन की खूबसूरत स्थान अब युद्धभूमि में बदल जाएंगे क्योंकि 13 जांबाज योद्धा अपने डर का डटकर मुकाबला करेंगे डर और डेयर का बैटलग्राउंड वैलकम टू केपटाउन की थीम के साथ नए सीजन में विशाल डेयरडेविल स्टंट होंगे क्योंकि डेयर का सामना डर से होगा।



## 24 यूनिट रक्तदान किया

**वेंकटनगर।** इस कोरोना के महाप्रलय में जहाँ लोगों को जीवन बचना मुश्किल प्रतीत हो रहा था, वही इस विषम परिस्थितियों में हर जगह ब्लड की कमी बढती ही जा रही था,इसी समस्या को देखते हुए आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेंकटनगर में HBM TEAM वेंकटनगर के युवाओं के द्वारा आज 24 यूनिट रक्तदान का कार्य किया।जहाँ वर्तमान समय में जिले में कोरोना के कारण एक-एक बूंद रक्त की आवश्यकता बढ़ती ही जा रही थी और ये समस्या कम नहीं हो रहा है, इसी सबकों देखते हुये वेंकटनगर के युवाओं ने पहल करते हुए व वर्तमान परिस्थितियों में रक्तदान की महत्ता व रक्त का होना मनुष्य के लिए अमूल्य जीवन दाहिनी है।

## पाटन में रक्तदान शिविर का आयोजन



**पाटन।** रक्तदान किसी को नया जीवन प्रदान कर सकता कोरोना महामारी के मुश्किल समय मे रक्तदान को जीवनदान माना गया है ब्लड डोनर्स डे और पाटन विधायक अजय विश्नोई के जन्मदिन के अवसर पर पाटन स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 26 लोगो ने रक्तदान किया विक्टोरिया ब्लड बैंक से आई टीम ने रक्तदान करने बाले सभी दाताओ को प्रसस्ति पत्र प्रदान किये खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आदर्श विश्नोई ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में 26 यूनिट ब्लड ब्लड बैंक में जमा किया गया बही पाटन नायाब तहसीलदार सुरभि जैन ने भी रक्तदान किया साथ बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को विधायक विश्नोई के जन्मदिन के अवसर पर फल वितरण किया गया साथ ही पौधा लगाने को कार्य भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया जिसमे मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह बालचंद जैन जगेन्द्र सिंह देवेंद्र यादव प्रशांत जैन प्रीतम श्री पाल के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित।

## शेष अध्यापकों को जल्द प्रदान किये जाए ट्रेजरी कोड

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अध्यापक प्रकोष्ठ के मनीष चौबे एवं सुशील दाहिया ने सिहोरा से विज्ञप्ति जारी कर शासन ने मांग की है कि जबलपुर जिले के अन्तर्गत शेष रह गए अध्यापक जो राज्य शिक्षा संवर्ग के अन्तर्गत शिक्षक संवर्ग के लिए पात्र है, उन्हें जल्द से जल्द ट्रेज़री कोड आवंटित किया जाएं। संघ ने बताया कि ट्रेज़री कोड के आभाव में इन शिक्षकों को हर माह जी .आई .एस., एच.आर. ए का नुक़सान उठाना पड़ रहा है वहीं ट्रेज़री कोड के अभाव में इनकी सर्विस बुक का अनुमोदन भी रुका हुआ है,वहीं जहां कई शिक्षकों को सातवे वेतनमान की पहली किस्त के भुगतान के बाद दूसरी किस्त का भुगतान होना है।

## निकाय चुनावों की अनिश्चितता वार्ड में नहीं दिख रहे नेताजी

**अनूपपुर।** कोरोना की प्रथम लहर से 2020 नवंबर में मिली राहत के उपरांत निकाय चुनावों की आहट तेज हो गई थी जिसके बाद एकाएक टिकट के दावेदार नेता वर्णों के चक्कर काटने लगे थे और समाज सेवा का दौर शुरू हो गया था हालात तो यह भी था कि पार्षद पद तक के दावेदार वार्ड में दिखाई देने लग गए थे किंतु एकाएक आय महामारी के दौर में जब सबसे ज्यादा लोगों को उनकी जरूरत थी वह नदारद हो गए जिसका कारण था निकाय चुनावों पर लगा 1 साल का ब्रेक क्योंकि दूसरी लहर के बाद अब तीसरी लहर की भी आशंका बताई जा रही है ऐसे में चुनावों पर चर्चा करना ही बेमानी होगी वैसे भी सरकार बंगाल चुनाव के बाद अपने हाथ जला चुकी है ऐसे में बिना वैक्सीनेशन के और कोई चुनाव नहीं कराएगी जिसके कारण तथाकथित समाजसेवी नेता सामाजिक सरोकार से कन्नी काट कर घरों पर बैठ गए हैं पहले लॉकडाउन के दौरान नेताओं और समाजसेवियों द्वारा जमकर खाना और राशन बांटा गया था किंतु इस बार कुछ निस्वार्थ भाव रखने वाले नेता और समाजसेवियों को छोड़ दे तो बाकी सभी अपने घरों में ही दुबके रहे सबसे ज्यादा उन लोगों की तलाश रही जो सबसे पहले हर त्यौहार की खंभों पर लटककर शुभकामनाएं देते हैं और नगरपालिका के सैनिटाइजेशन वाहन की सटक पकड़ कर उसे अपना सैनिटाइजेशन बताते हैं इस बार तो राशन और खाना छोड़ो हालचाल पूछने तक नहीं आए नियुक्तियां पर निगाहें एक और जहां छोटे नेता चुनावों को ठंडे बस्ते में जाने के बाद घरों पर बैठ गए हैं वही कुछ एक नेता जिला कार्यसमिति में नियुक्ति लेने के लिए राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है लेकिन इस बार भाजपा के पुराने नेताओं के साथ साथ कांग्रेश के आए नेता भी इस दौड़ में शामिल है।

## सुवर्णप्राशन का ड्राप निःशुल्क पिलाया



**जबलपुर।** आज कोविड के इस कठिन समय में जन्म से- 16 वर्ष के बच्चों को विजयाश्री आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय जबलपुर द्वारा सुवर्णप्राशन का ड्राप कोविड की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए पूज्य जगदुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य महाराज की उपस्थिति में ग्वारीघाट में गरीब एवं अन्य बच्चों को निःशुल्क पिलाया गया इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन राजेश स्थापक, गोरखपुर स्छरू मनेंद्र सिंह,पराग दीवान तथा नर्मदा गवारिघाट आरती के संस्थापक ओंकार दुबे,डॉ अमित मिश्रा, तहसीलदार अरुण दुबे, तहसीलदार शुक्ला जी और डॉक्टर ओशि स्थापक जी उपस्थित रहे इसके पश्चात घाट के अनेक बच्चों को यह दवा पिलाई गयी द्य जगदुरु स्वामी राघव देवाचार्य एवं चेयरमैन राजेश स्थापक जी ने कहा कि पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन का विशेष महत्व है यह बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है एवं बच्चों पर छोटी-छोटी बीमारियों का कोई असर नहीं होता इसे सभी बच्चों को ग्रहण करना चाहिए।

## जल्द रोजगार न मिलने पर हो सकता है आंदोलन

**अमलाई** शहडोल जिले के अंतर्गत ग्राम रामपुर,बलिया के किसानों का भू अधिग्रहण पश्चात लंबित रोजगार पुनर्वास मकान तथा वृक्ष,कुआ,बोर तलाब का मुआवजा भुगतान करते हुए समस्त किसानों के भू आश्रितों का रोजगार फाइल एक साथ जमा कर शीघ्र अति शीघ्र रोजगार दिलाए जाया,प्रबंधन वर्ग को किसानों द्वारा प्रस्ताव दिया गया था कि ग्राम बेलिया एवं ग्राम रामपुर के किसानों की भूमि को क्लबिंग कर अर्थात जोड़कर 2 एकड़ भूमि पूरा करने पर एक आश्रित को रोजगार दिया जाएगा, किंतु प्रबंधन इस तरह से करने को तैयार नहीं है,इस संबंध में हम किसानों का कहना है कि ग्राम बेलिया एवं रामपुर दोनों एक ही गांव है,दोनों गांव के सरपंच भी एक है,और पंचायत भी एक है माइंस भी एक ही खोली जा रही है और कोई अलग कंपनी या अलग इकाई नहीं है किसानों को अधिक से अधिक रोजगार ना मिले रोजगार से वंचित करने का यह नया तरीका अपनाया जा रहा है,यह कि ग्राम बेलिया में किसी किसान की भूमि 1 एकड़ है और उसी किसान की भूमि रामपुर में 1 एकड़ है तो वह किसान अपनी ही भूमि को 2 एकड़ जोड़कर रोजगार प्राप्त नहीं कर सकता है,यह सरासर किसानों के साथ अन्याय है, हमारा मांग है कि ग्राम बेलिया रामपुर दोनों एक ही पंचायत है इसलिए दोनों गांव के लोगों को आपस में क्लब करके 2 एकड भूमि दे दे।उनके आश्रितों को रोजगार दिया जाए यदि ऐसा नहीं हुआ तो 200 से ऊपर किसानों के आश्रितों को रोजगार से वंचित होना पड़ेगा और यही कंपनी चाहती है7 यह कि प्रबंधन वर्ग को किसानों द्वारा प्रस्ताव दिया गया था कि ग्राम बेलिया एवं ग्राम रामपुर के किसानों की भूमि को क्लबिंग कर अर्थात जोड़कर 2 एकड़ भूमि पूरा करने पर एक आश्रित को रोजगार दिया जाएगा किंतु प्रबंधन इस तरह से करने को तैयार नहीं है इस संबंध में आज यह बैठक ग्राम पंचायत रामपुर में आयोजित की गई, बताया गया है कि किसानों की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि कॉल री प्रबंधन अति शीघ्र रोजगार प्रदाय नहीं करती है तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ सकता है रामपुर में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से ओम प्रकाश द्विवेदी जुगल किशोर शर्मा आनंद मिश्रा सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## कोठी ग्रामपंचायत में कम वोल्टेज का दंश झेल रहे ग्रामीण

**बिजुरी के कोठी ग्रामपंचायत में कम वोल्टेज के कारण नहीं चल रहे विद्युत उपकरण, ग्रामीणों का जीवन बदहाल**

**बिजुरी/** अनूपपुर जिले के बिजुरी अंतर्गत ग्रामपंचायत कोठी में विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर निरंतर तनातनी बनी हुई है और कई ग्रामीणों ने जानकारी दी कि गांव में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है और सबसे ब?ी समस्या यह है कि जब विद्युत सप्लाई चालू भी की जाती है तो एक ही फेस चालू किया जाता है और इस पर भी कई जगह की विद्युत आपूर्ति की जाती है, जिसके कारण विद्युत होने और न होने का कोई औचित्य नहीं है। वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखे नहीं चल रहे हैं, बल्ब चिमनी की तरह जल रहे हैं, जिससे बीच-बीच में बरसात हो जाने के कारण कई की? मको? निकलते रहते हैं और बाकी के समय भीषण गर्मी के कारण घरों पर रहना दूभर हो गया है और इस कोरोनाकाल मे विद्युत आपूर्ति ठीक न रहने के कारण स्वस्थ व्यक्ति भी आज पूरी नींद न हो पाने के कारण बीमार हो रहे हैं। विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की नियमितता नहीं होने के बावजूद भी ग्रामीणों से पूरा बिजली बिल लिया जा रहा है और इन परिस्थितियों में यदि बिजली की आपूर्ति नहीं, तो बिल नहीं। ग्रामीणों ने वर्तमान विद्युत व्यवस्था को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है और जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है। जब इस विषय पर बिजुरी जे ई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ खंभे टूट गए थे, जिनके रिपेयरिंग का काम चल रहा है और सिंगल फेस की समस्या केवल कोठी गांव की नहीं है, वो तो सभी जगह ऐसा ही चल रहा है, फिर भी मैं दिखवाता हूँ और जो भी समस्या है, उसका निराकरण किया जाएगा।

## वैक्सीनेशन को लेकर 18 प्लस के युवाओं में जबरदस्त उत्साह

**बघराजी।** नगर में घर-घर दस्तक देकर वैक्सीनेशन के लिए समझा दे रहे अधिकारी कर्मचारियों के साथ कोरोना वालेंटियर की मेहनत रंग लाई है संक्रमण के बचाव के लिए वैक्सीन जरूरी है इसे युवा वर्ग ने स्वीकारा है और वैक्सीनेशन के लिए आगे आ रहे हैं।ज्यादा से ज्यादा लोग वैक्सीन लगवाएं इसके लिए हर वर्ग के लोग आगे आ रहे हैं और अपने अपने स्तर पर इस अभियान को पूरा करने में जुट गए हैं पहले 45 प्लस और अब 18 प्लस के वैक्सीनेशन के शुरुआती दौर में युवाओं में वैक्सीन लगवाने को लेकर उतना रुझान नहीं देखा था क्योंकि झूठी अफवाहों का दौर चल रहा था लेकिन लगातार समझाइश और जागरूकता अभियान का व्यापक असर देखने मिला है और युवा आगे आकर वैक्सीन की पहली डोज लगवा रहे हैं।



## आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल लाइफ ने 867 करोड के बोनस का किया ऐलान

**मुंबई।** आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2021 के लिए सभी पॉलिसीधारकों को 867 करोड के वार्षिक बोनस की घोषणा की है। घोषित बोनस कंपनी द्वारा अब तक का सबसे अधिक है और पिछले वित्त वर्ष में घोषित बोनस से भी 10 प्रतिशत अधिक है। 31 मार्च 2021 तक लागू सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसियां इस बोनस के लिए योग्य हैं और इसे पॉलिसीधारकों के लाभों में जोडा जाएगा। कुल 9.8 लाख प्रतिभागी पॉलिसीधारक इससे लाभान्वित होंगे। इस तरह वे अपने दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को और आसानी से पूरा कर पाएंगे। बोनस कंपनी के प्रतिभागी पॉलिसीधारक के फंड से उत्पन्न मुनाफे का हिस्सा है जो उनके गारंटीकृत परिपक्वता लाभों में जोडा जाता हैए इस प्रकार कॉर्पस को बढाता है। यह लगातार 15वां वर्ष है जब कंपनी ने पॉलिसीधारकों को बेहतर जोखिम.समायोजित रिटर्न देने के लिए बोनस की घोषणा की है। इस तरह कंपनी ने अपने ग्राहकों के हितों पर फोकस करते हुए दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण को रेखांकित किया है। कंपनी के बेहतर निवेश दर्शन ने स्थापना के बाद से और पूरे बाजार चक्र में अपने पोर्टफोलियो में जीरो डिफॉल्ट को सुनिश्चित किया है। 31 मार्चए 2021 तकए फिक्स्ड इनकम पोर्टफोलियो का 96ण्8 प्रतिशत सॉवरेन या एएए रेटेड पेपर में निवेश किया गया है।आईसीआईसीआई फ्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री एन एस कन्नन ने कहाए हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 2021 के लिए वार्षिक बोनस कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। जो बात हमें विशेष संतुष्टि देती हैए वह यह है कि यह हमारे संचालन की 20 वीं वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। बोनस संबंधी यह निर्णय ग्राहकों के हितों पर फोकस करने की कंपनी की नीतियों के अनुरूप है। कोविड महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच बोनस के इस फैसले से पॉलिसीधारकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में जो चीज हमें प्रेरित करती हैए वह है एक स्थायी संस्थान के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता जो ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करती है।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# गीता बसरा की वर्चुअल बेबी शॉवर पार्टी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस गीता बसरा और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह के घर जल्द ही एक और नन्हा मेहमान आने वाला है। गीता बसरा दूसरी बार मां बनने जा रही हैं। आने वाले बच्चे का इंतजार गीता और हरभजन कई महीनों से कर रहे हैं। गीता इन दिनों अपने अपने प्रेग्नेंसी पीरियड को खूब एंजॉय कर रही हैं। इसी बीत इस कपल ने अपने आने वाले नये मेहमान के लिए घर पर ही बेबी शॉवर प्रोग्राम का आयोजन किया। बेबी शॉवर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। कोरोना माहामारी को ध्यान में रखते हुए गीता बसरा के बेबी शॉवर की पार्टी में सिर्फ उकनी फैमिली ही शामिल हुई। हालांकि, इस दौरान कपल के कुछ दोस्त वर्चुअली इसमें शामिल हुए।

बेबी शॉवर की तस्वीरें गीता ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर शेयर की हैं जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि गीता ब्लू कलर की पोल्का डॉट ड्रेस में सोलो पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं दसूरी तस्वीर में वह अपने दोस्तों संग वर्चुअली बातें करती दिख रही हैं। अगर हम तीसरी फोटो की बात करें तो इसमें गीता का पूरा परिवार एक ही फ्रेम में नजर आ रहा है। इस फोटो में वह अपने पति हरभजन सिंह और बेटी के संग पोज दे रही हैं। चौथी फोटो में वह केक लिए पोज रही हैं। बेबी शॉवर की फोटो को को शेयर करते हुए गीता बसरा इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों को मिस करने की बात लिखी है। वह लिखती हैं, %मेरी सबसे प्यारी लड़कियां! इनता सुंदर और स्वीटेस्ट बेबी शॉवर सरप्राइज! पता नहीं मैं आप सबके बिना क्या करुंगी, आप सभी ने मुझे इतना स्पेशल महसूस कराया.. ऐसे ही पलों को एक-दूसरे के साथ न सेलिब्रेट कर पाने के चलते एक-दूसरे को मिस करते हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बैठे सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करते हैं जो हमें जोड़े रखते हैं! अपने जीवन में मैं आप लोगों का और पति हरभजन का साथ पाकर बहुत धन्य हूं! इतना अच्छा साथी होने पर बहुत अच्छा!

गीता बसरा और हरभजन इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही इस पर कमेंट कर आने वाले बच्चे को ढेर सारी शुभकामना दे रहे हैं। वहीं सेलेब्स भी इन तस्वीरों पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।





## विशाल और हिमेश पर वायरल हुए मज़ेदार मीम्स, देखकर आपकी हंसी नहीं रुकेगी



**नई दिल्ली।** कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है सिंगिंग रिएलिटी शो इंडियन आइडल हमेश अपनी गायकी की वजह चर्चा में रहता हैं। लेकिन 'इंडियन आइडल' का ये सीजन किन्हीं और भी वजह के चलते लगातार चर्चा में बना हुआ है। 'इंडियन आइडल 12' को पिछले कुछ वक्त से अलग-अलग वजहों से सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रोल किया जा रहा है। कभी कंटेस्टेंट्स की गायकी का मज़ाक उड़ रहा है, तो कभी जजेज के जजमेंट पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बीते दिनों किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने जब ये कहा कि कंटेस्टेंट की तारीफ उन्होंने खुद से नहीं की बल्कि ऐसा करने के लिए उन्हें मेकर्स ने कहा था, उसके बाद से तो मानिए कि हर हफ्ते ही इंडियन आइडल 12 की किसी न किसी वजह से खिंचाई हो रही है। इस हफ्ते भी इंडयिन आइडल 12 सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हो रहा है और इस बार लोगों के टारगेट पर हैं जज नेहा कक्कड़, हिमेश रेशमिया और विशाल ददलानी। हालांकि नेहा और विशाल अब शो का हिस्सा नहीं है, लेकिन फिर भी उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। लोग नेहा, विशाल और हिमेश की इमोशनल फोटो शेयर कर उनका ये कहते हुए मज़ाक उड़ा रहे हैं कि कोई कंटेस्टेंट अपने बारे में बताता है और जज सुनने से पहले ही रोना शुरू कर देते हैं। ट्विटर पर तमाम तरह के मज़ेदार मीम्स वायरल हो रहे हैं जिन्हें देखकर आपकी भी हंसी नहीं रुकेगी। देखें।



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपनी आगामी वेब सीरीज 'आर्या सीजन 2' को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहती हैं। अब उन्होंने इंस्टाग्राम पर वेब सीरीज की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में वो सीढ़ियो पर धूप में बैठकर पोज देती दिख रही हैं।

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस सुष्मिता सेन सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी परिवार के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जो इंटरनेट पर वायरल होती रहती हैं। अब उन्होंने अपनी आगामी वेब सीरीज 'आर्या सीजन 2' की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सुष्मिता सेन सीढ़ियो पर धूप में बैठकर पोज देती दिख रही हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस धूप से बचने के लिए अपने चेहरे पर हाथ रखकर एक ओर देख रही हैं। इस फोटो को इंस्टग्राम पर शेयर कर उन्होंने लिखा, 'उसके पंजे खामोश दहाड़ को दर्शाते हैं, हर औरत में एक आर्य है!' सुष्मिता के इस फोटो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फोटो को अब तक एक लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो अपनी छोटी बेटी अलिशा के बाल काटती दिख

## 'हर महिला में एक आर्या है'



रही हैं। इस अनमोल फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्होंने लिखा, किसी का बिजी वीकेंड है? अलिशा के पास वास्तव में मुझे इंपोर्टेंट फील कराने का तरीका है। मैं तब से उसकी ऑफिशियल हेयर ड्रेसर हूं जब से वो तीन साल की थी। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही वेब सीरीज आर्या सीजन % में नजर आने वाली हैं। बात दें कि एक्ट्रेस ने पांच साल बाद आर्या से पिछले साल स्क्रीन पर वापसी की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक डॉन की बेटी का किरदार निभा है, जिसमें वो अपने पति की मौत के बाद उसके व्यापार को संभालती हैं, व्यापार को संभालते वक्त उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**उन्होंने आगे लिखा, 'मैं उसके बाल काटते हुए तनाव महसूस कर रही हूं। वो सिर्फ मेडीटेट कर रही है, उसके इस कॉन्फिडेंस से मैं प्यार करती हूं।'**

## भारतीय क्रिकेट टीम के इस धुंआधार क्रिकेटर की जबरा फैंन है सनी लियोनी



नई दिल्ली। बिग बॉस फेम और बॉलीवुड की हॉट एंड बोल्ड एक्ट्रेस सनी लियोनी अपनी अदाओं से फैंस को हमेशा ही दीवाना बनाती रहती हैं। उनकी खूबसूरती पर लाखों फैंस फिदा हैं। सनी ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग जगह बनाई जिसे बनाना उनके लिए आसान नहीं था। %बेबी डॉल% के नाम से मशहूर सनी ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया। वहीं कई बॉलीवुड फिल्मों में उन्होंने अपने आइटम नंबर से लोगों का दिल भी जीता। वह एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन सनी अपनी लेटेस्ट और हॉट तस्वीरें और वीडियो फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। वहीं उनके कई थ्रोबैक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल होते रहते हैं। इसी बीच सनी का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में वह अपने पसंदीदा क्रिकेटर के नाम का खुलासा करती नजर आ रही हैं।

**इस क्रिकेटर की दीवानी हैं सनी लियोनी**

सनी लियोनी भारत से काफी लगाव है। वहीं एक्टिंग के साथ साथ सनी की दिलचस्पी क्रिकेट से भी है। करीब 2 साल पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपने पसंदीदा क्रिकेटर का नाम बताया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी का ये वीडियो आईएनएस का है। बता दें कि साल 2019 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब सनी लियोनी से एक पत्रकार ने पूछा कि उनके सबसे पसंदीदा क्रिकेटर कौन हैं। इस सवाल के जवाब पर सनी ने फट से इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान यानी %कैप्टन कूल% एमएस धोनी का नाम लिया था।

**इस कारण करती हैं धोनी को पसंद**

इसी दौरान सनी लियोनी ने धोनी को पसंद करने की वजह का भी खुलासा किया था। उन्होंने बताया था, % धोनी मेरे फेवरेट किक्रेटर हैं। मुझे लगता है कि उनके पास सबसे क्यूट चाइल्ड हैं, है न? मैं देखती हूं कि वो अपनी बच्ची यानी जीवा सिंह धोनी के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हैं, और ये काफी क्यूट लगता है। वो मेरे फेवरेट क्रिकेटर हैं क्योंकि वो फैमिली मैन हैं।% वहीं सनी ने धोनी को पसंद करने की वजह के पीछे उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी या सूझबूझ भरी कप्तानी नहीं बताई। उन्हें तो बस महेंद्र सिंह धोनी का उनके परिवार के साथ जो गहरा जुड़ाव है वहीं सबसे ज्यादा पसंद आया।

## नीना गुप्ता को लोग बोलते थे बहनजी और बेशर्म, पहनावे पर करते कमेंट



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की वरिष्ठ और दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता इन दिनों फिल्मों के अलावा अपनी ऑटोबायोग्राफी सच कहूं तो को लेकर भी चर्चा में हैं। इस ऑटोबायोग्राफी में उन्होंने अपने फिल्मी करियर के अलावा निजी जिंदगी से जुड़े ढेर सारे खुलासे किए हैं। नीना गुप्ता ने सच कहूं तो किताब में अपने उन पलों का भी जिक्र किया है जब लोग उनके पहनावे को देखकर उन्हें बहनजी और बेशर्म बोलते थे। नीना गुप्ता फिल्मों में अपने खास अभिनय और किरदारों के लिए जानी जाती हैं। ऑटोबायोग्राफी सच कहूं तो में उन्होंने अपनी जिंदगी के अनुभव को साझा करते हुए कहा है कि अपनी जीवन में एक बिंदु पर उन्हें एक ही सांस में लोग बहनजी% और बेशर्म कहने लगे थे। किताब में नीना गुप्ता ने हैरानी जताई है कि कैसे यह शब्द उन महिलाओं से जुड़ गया जो अपनी पहली भाषा के रूप में अंग्रेजी नहीं बोलती थीं। इतना ही नहीं नीना गुप्ता ने किताब में यह भी लिखा है कि इन शब्दों का इस्तेमाल उनके लिए भी किया गया जो सलवार कमीज या साड़ी जैसे भारतीय कपड़े पहनते हैं और केवल भारतीय विचारधारा को मानते हैं। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि हालांकि एक ही सांस में %बहनजी% और %बेशर्म% कहलाना विरोधाभासी है, लेकिन यह दो शब्द उनके जीवन में साफ रहे हैं। उनके अनुसार, वह एक संस्कृत-प्रेमी लड़की थी, जिसने स्पेगेटी स्ट्रिप्स के साथ टॉप पहना था और जो लोगों को भ्रमित करती थी। आपको बता दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने हाल ही में नीना गुप्ता की ऑटोबायोग्राफी %सच कहूं तो% को लॉन्च किया है। कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते इस ऑटोबायोग्राफी की लॉन्चिंग वर्चुअल रखी गई थी। वहीं इस बात की हाल ही में घोषणा की गई कि इस किताब को नीना गुप्ता ने पिछले वर्ष लॉकडाउन में लिखा है। नीना गुप्ता ने इस बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी। उन्होंने यह भी कहा कि करीना कपूर खान द्वारा यह बुक लॉन्च होने को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। नीना गुप्ता ने सच कहूं तो में अपनी शानदार व्यक्तिगत और फिल्मी करियर के बारे में बात की है। इसके अलावा उन्होंने अपने बचपन के दिनों और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के दिनों को भी याद किया है। किताब में कास्टिंग काउच के बारे में भी बात की गई है। इसके अलावा फिल्म इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स, प्रेग्नेंसी और सिंगल पैरंटहुड के बारे में भी उन्होंने लिखा है।

# कलेक्टर ने की अभिभावक वेक्सीनेशन अभियान की समीक्षा



**जबलपुर, यश भारत।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वर्चुअल मीटिंग लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों को कोरोना के टीके लगाने शहर में शुरू किये गये अभिभावक वेक्सीनेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा की । मीटिंग से जु? स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे शाला प्रचार्यों एवं शिक्षकों को उनकी शाला में अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के अभिभावकों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने तथा उन्हें कोरोना का टीका लगवाने के लिये प्रेरित करने निर्देशित करें । उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के अभिभावकों को टीके लगाने के प्रति दिन के तय लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना होगा ।कलेक्टर ने मीटिंग में शहर के प्रत्येक वार्ड में स्कूल में स्थापित किये गये टीकाकरण केंद्रों में वेक्सीन लगाने के कार्य में हुई प्रगति की प्रत्येक तीन घण्टे में रिपोर्टिंग करने के निर्देश भी दिये ।उन्होंने वेक्सीनेशन केंद्रों की कोरोना कन्ट्रोल रूम से नियमित मॉनिटरिंग की आवश्यकता भी बताई तथा अधिकारियों को लगातार इन केंद्रों का भ्रमण करने के निर्देश दिये ।

## जबलपुर पुलिस कप्तान का प्रयास

# कोरोना में शहीद पुलिस वालों के परिवार को त्वरित मिल रही अनुकंपा नियुक्ति



**जबलपुर यश भारत।** कोरोना महामारी के द्वारा डॉक्टरों के साथ-साथ महामारी को रोकने में पुलिस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता ।पुलिस के जवानों द्वारा बिना अपने स्वास्थ्य की चिंता करें संक्रमण की चेन रोकने के लिए लगातार ड्यूटी दी। जिस कारण जिले में दो पुलिस वालों को कोरोना महामारी के चलते अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी ।अब उनके परिवार की जवाबदारी उठाते हुए एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के प्रयासों से उन्हें कुछ ही महीनों में अनुकंपा नियुक्ति दे दी है। अमूमन इस कार्य में 1 से 2 साल का समय लग जाया करता था लेकिन एसपी के प्रयासों से यह काम कुछ ही समय में हो गया।

जानकारी के मुताबिक जिले में दो पुलिस के जवान टीआई पद पर रहे गोपाल जगेत और प्रधान आरक्षक अभय नोरिया कि ड्यूटी के दौरान संक्रमित होने से मृत्यु हो गई थी। जिसमें से अभय नोरिया के बेटे समीर नोरिया को संविदा नियुक्ति दे दी गई है । वही गोपाल जगेत के बेटे रूपेश का कार्य अंतिम चरण में है ।क्योंकि उन्हें जिस पद पर नियुक्ति चाहिए थी उस की प्रक्रिया मुख्यालय से होती है। वह भी लगभग पूर्ण हो चुकी है और उनकी नियुक्ति के आदेश आने से शेष है

### 429 जवान हुए संक्रमित

कोरोना संक्रमण से लड़ाई करते हुए जिले के 429 पुलिस के अधिकारी कर्मचारी संक्रमित हुए जिसमें से वर्तमान स्थिति में दो की मृत्यु हो गई और सिर्फ चार लोग अभी संक्रमण से पॉजिटिव है। बाकी सभी कोरोना को हराकर अपने अपने काम पर लौट आए हैं । महामारी के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपनी जान की चिंता न करते हुए जिस प्रकार से संक्रमण की चेन रोकने के लिए कार्य किया है वह सराहनीय है।

‘ पुलिस कप्तान के आदेश पर कोरोना में शहीद हुए हमारे अधिकारियों कर्मचारियों के परिवारों के सहयोग हेतु अनुकंपा नियुक्ति का कार्य तेजी से किया गया और जिन दो लोगों की मृत्यु हुई थी उन लोगों के परिवार वालों को विभाग में नौकरी दी जा रही है।

**सौरभ तिवारी**
**रक्षित निरीक्षक**

# गोरखपुर साांईनगर में हत्या

# नाली विवाद पर युवक को चाकुओं से गोदा परिवार पर भी हमला, पांच घायल

**जबलपुर, यशभारत।** एक माह पुराने नाली विवाद पर गोरखपुर सांई कॉलोनी में दो रिश्तेदार आपस में भिड़ गए जिसमें एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुंची युवक की पत्नी को भी घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी थोड़ी दूरी पर रहने वाले उसके रिश्तेदार के घर पहुंचे। वहां भी 24 वर्षीय महिला और उसके 5 साल के बेटे को चाकू से गोदकर घायल कर दिया। पति बचाने दौड़ा तो उसे लाठी से मारपीटकर भाग गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। गोरखपुर थाना प्रभारी सारिका पांडे के अनुसार साईंनगर निवासी पुष्पराज कुशवाहा (28) मजदूरी करता है। 18 मई को उसका पड़ोसी विनय कुशवाहा से नाली के पानी बहने को लेकर विवाद हुआ था। तब पुष्पराज और उसके पक्ष के तीन अन्य लोगों ने विनय कुशवाहा के परिवार के साथ मारपीट कर दी थी। इस मामले में गोरखपुर पुलिस ने मारपीट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी।



घटना स्थल पर मौजूद क्षेत्रीय लोग, मृतक के जीवित अवस्था का चित्र।

### रंजिश में हत्या की वारदात को दिया अंजाम



विनय कुशवाहा इसी मारपीट की रंजिश को लेकर बदला लेने की नीयत से राजा कुशवाहा व रवि कुशवाहा के साथ सोमवार रात पौने 11 बजे पहले पुष्पराज के घर में घुस गया। तीनों चाकू व लाठी-डंडे से लैस थे। तीनों ने पुष्पराज को चाकू से गोद डाला। बचाने पहुंची पत्नी आरती पर भी चाकू से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद तीनों आरोपी थोड़ी दूरी पर रहने वाले पुष्पराज के साढ़ू भाई गोलू कुशवाहा के घर पहुंचे। तीनों ने घर में घुसकर गोलू को लाठी-डंडे से तो पत्नी रूचि कुशवाहा (26) और बेटे प्रतीक (5) पर चाकू से वार कर घायल कर दिया।

### चाकू लहराते हुए फरार हो गए तीनों आरोपी

बदमाशों ने दो घरों में घुसकर लगभग 20 मिनट तक खूनी खेल खेला। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग बीच-बचाव को पहुंचे तो आरोपी चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। सभी घायलों को पड़ोसियों की मदद से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने पुष्पराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी पत्नी आरती, रिश्तेदार रूचि और उसका बेटा प्रतीक को भर्ती कर लिया गया है। उनकी हालत भी गंभीर बनी हुई है।

### आपस में रिश्तेदार है आरोपी और मृतक, पुलिस जांच में जुटी



वारदात के दौरान जब पालतू कुत्ता भोंकने लगा तो उसको भी डंडे से पीटा गया।

फोटो- अशोक बर्मन

## जबलपुर,में फिर बढ़े तेल के दाम

# पेट्रोल 30 तो डीजल 31 पैसे बढ़ा



**जबलपुर,यशभारत।** देशभर में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने लगे है. मई के महीने में तेल के भाव में 16 बार वृद्धि हुई है. । जून महीने में भी यह बढ़ोत्तरी जारी है। जबलपुर इंदौर आज भी तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है. तेल के रेट बढ़ने के बाद जबलपुर में पेट्रोल 104.66 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 96.00 रुपये प्रति लीटर के रेट पर बिक रहा है. जून के महीने में 6 बार तेल के दामों में इजाफा हुआ है।

# सिद्धि विनायक अस्पताल में मरीज का गलत इलाज, हो गई मौत

# बिना पोस्ट मार्टम दे दिया शव



### मृतक की पत्नी का आरोप , एसपी को शिकायत सौंपकर अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की : कुण्डम में पीएम

**जबलपुर, यशभारत।** सर... मेरे पति का एक्सीडेंट हुआ था जिसे मेडिकल में भर्ती कराया गया था...मेडिकल में बेहतर इलाज हो रहा था... लेकिन सिद्धि विनायक अस्पताल के कुछ कर्मचारी मेडिकल पहुंचे और लालच दिया कि उसका पति का इलाज उनके अस्पताल में ठीक ढंग से होगा.... मैं मान गई और पति को मेडिकल से डिस्चार्ज कर सिद्धि विनायक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया...। लेकिन सिद्धि विनायक अस्पताल में बेहतर इलाज नहीं हुआ और पति की मौत हो गई। यह बात कुंडम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में रहने वाली आदिवासी बसतिया बाई ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपते हुए कही। शिकायकर्ता पत्नी ने आरोप लगाते हुए बताया कि पति चरण सिंह का एक्सीडेन्ट 29 मई को ग्राम धनवाही में मालवाहक आटो के द्वारा हुआ था ।उसके बेटे ने 108 एम्बुलेस में उसे घायल अवस्था में लाकर मैडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया था । जहाँ उसका इलाज चल रहा था । रात में सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने आकर उसे डिस्चार्ज कराकर अपने अस्पताल में एडमिट करा दिया। जहां पर पति का ठीक ढंग से इलाज नहीं हुआ, गलत इलाज कर नकली इंजेक्शन एवं इलाज में घोर लापरवाही की , जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि निजी अस्पताल सिद्धि विनायक के द्वारा बिना पोस्टमार्टम किये उसकी डेडबॉडी सौंप दी गयी जबकि एक्सीडेट केस में मृतक का पोस्टमार्टम होना जरुरी रहता है । निजी अस्पताल के द्वारा घोर लापरवाही की गयी एक गरीब आदिवासी परिवार के साथ धोखा किया गया । पोस्ट मार्टम कुण्डम में किया गया।

### कोरे कागजों में दस्ताखत कराए, पुलिस वाले ने दी धमकी

पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई शिकायत में महिला ने बताया कि सिद्धि विनायक अस्पताल के प्रबंधन कर्मचारियों ने घर आकर खाली कागजों में हस्ताक्षर कराने लगे मना करने पर कुंडम थाना में पदस्थ अधिकारी रूप सिंह कुशराम आवेदिका के घर गया एवं उन्हें डराने - धमकाते हुए कोरे कागज में उनके हस्ताक्षर करा लिए तथा उनके घर के सभी सदस्यों के आधार कार्ड मूल दस्तावेज लेकर आ गये ।मांगने पर मना कर रहे है ।

# कुछ निजी अस्पतालों पर गाज गिरना तय

**जबलपुर यशभारत।** निजी अस्पतालों में कोरोना काल के दौरान सी जी एच एस लाभार्थियों को इलाज न देने या इलाज के लिए नगद राशि मांगने वाले मान्यता प्राप्त अस्पतालों की शिकायतों पर कार्यवाही न होने पर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन( सी डब्ल्यू ए)द्वारा दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के आदेश पर स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गत दिवस आई जांच कमेटी ने शिकायत कर्ता सी डब्ल्यू डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों से पूरे तथ्य और जानकारी लेने के बाद पाया कि की गई शिकायतें अधिकांश सही है।इन शिकायतों पर कमेटी ने कहा कि रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी जाएगी।उसके बाद कार्यवाही तय होगी।लेकिन उन्होंने पदाधिकारियों से इतना ही कहा कि आप भी शिकायतें वाजिब और तथ्यात्मक है।जानकारी के अनुसार माननीय हाईकोर्ट के निर्देश पर स्वाथ्य मंत्रालय ने जांच कमेटी को जबलपुर भेजा था।सी डब्ल्यू डब्ल्यू ए के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा और उपाध्यक्ष कुंवर सिंह को कमेटी के बुलावे पर एक एक तथ्य और दस्तावेज पेश किए जिस पर कमेटी ने अपनी सहमति दिखाते हुए सही पाया।एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा और कुंवर सिंह ने बताया कि दायर जनहित याचिका के आदेश के पालन के लिये एडीशनल हेडक्कार्टर सी जी एच एस नई दिल्ली से डा. जी सी राय अपर निदेशक सीजीएचएस भोपाल को जांच अधिकारी बनाकर जबलपुर भेजा गया था। कमेटी ने दो दिनों तक मान्यता प्राप्त अस्पतालों की शिकायतों के मामले मे बयान और प्रमाण एकत्र किये। कमेटी ने संकेत किया कि देश में अपनी तरह का पहला मामला है।जल्दी ही जबलपुर मे लाभार्थियों को होने वाली परेशानी को दूर करने आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**सी डब्ल्यू ए की याचिका पर जांच कमेटी ने शिकायतें सही पाई**

# 3 साल के अयान ने निगल लिया था लोहे का स्क्रू

# मेडिकल डॉक्टरों ने बचाई मासूम की जान



**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बार फिर जटिल ऑपरेशन कर एक 3 साल के मासूम की जान बचाई है। घर में लोहे का स्करू निगल जाने के बाद बालक त?फ?ा रहा था, उसकी खांसी नहीं रूक रही थी। परिजन भी कुछ समझ नहीं पा रहे थे। बाद में उसे डॉक्टर के यहां ले जाया गया जहां से पता चला कि बालक ने लोहे का स्करू निगल लिया। इसके बाद परिजन मेडिकल पहुंचे जहां बालक का सफल ऑपरेशन हुआ और गले से स्क्रू निकाला गया। ईएनटी विभाग की एचओडी डॉक्टर कविता सचदेवा ने बताया कि नरसिंहपुर जिला निवासी अयान (3) सोमवार सुबह घर में बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी उसने जमीन पर पड़ा स्क्रू उठाया और मुंह में डाल लिया। निगलते ही उसकी परेशानी बढ़ गई। मासूम लगातार चिल्ला रहा था और खांस रहा था। परिजन भी कुछ नहीं समझ पा रहे थे। हालांकि ये पता चल गया था कि उसने कुछ निगल लिया है। हालत बिगड़ने पर वे उसे नरसिंहपुर जिला अस्पताल ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के पास मासूम अयान का केस आया।



**घर में तड़प रहा था बालक, मेडिकल में हुआ सफल ऑपरेशन**

### आहार नली में चिपक गया था स्करू

ईएनटी विभाग की एचओडी डॉक्टर कविता सचदेवा के मुताबिक अयान का पहले एक्सरे कराया गया। इससे पता चला कि उसके आहार नली में स्क्रू फंसा है। फिर उसे ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया गया। वहां एंडोस्कोपी करके आहार नली में चिपके स्करू को निकाला गया। डॉक्टर सचदेवा के मुताबिक आहार नली में स्करू नहीं चिपकता तो नीचे जाने का खतरा था। गनीमत रही कि स्करू सांस नली में नहीं फंसा। अब उसकी हालत खतरे से बाहर है।

## छठवीं पुण्यतिथि 16 जून 2021



**श्रीमती कमलरानी अग्रहरि**

जन्म- 5 अप्रेल 1933 अवसान- 16 जून 2015

हर खुशी में कुछ कमी सी है, आंखों में कुछ नमी सी है। घर परिवार कितना भी भरा हो, तुम्हारे बिना कुछ कमी सी है

श्रद्धासुमन

विद्योत्मा के.एल. अग्रहरि, किरण-इंजी. गणेश अग्रहरि, उमा- अशोक अग्रहरि, विजय (गुड्डा) नागपुर, सरोज- जगदीश वैश्य (इलाहाबाद)

## ग्यारहवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री सीताराम पाठक
16.6.2011

आपके सिद्धांत व आदर्श एव अविस्मरणीय यादें हम सबकी धरोहर है जो हमारे जीवन पथ पर सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेंगी।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

शोकाकुल परिवार

नर्मदेश्वर पाठक, रामनारायण पाठक, राकेश पाठक, मनोज पाठक, मनीष पाठक, प्रवीण पाठक एवं समस्त पाठक परिवार पोता-पोती: मुस्कान, महक, मासूम, हर्षित, महिमा

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान | प्रवेश प्रारंभ
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत् प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रेगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन बायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )